दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 67 | सीकर, सोमवार 04 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# पश्चिम बंगाल से लेकर तमिलनाडु तक 5 राज्यों की 823 सीटों पर फैसला आज

नई दिल्ली।

पिछले एक महीने से देश के पांच राज्यों में चुनावी माहौल बना हुआ है। कल, यानी चार मई को इस लोकतांत्रिक त्योहार का आखिरी दिन है। पिछले एक महीने में कौन किस पर भारी पड़ा, किसने कितनी रैलियां कि इसका पूरा हिसाब होने वाला है। बता दें, असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को ही शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग हो गई थी। इसके बाद 23 अप्रैल को तमिलनाडु चुनाव संपन्न हुआ इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग पूरी हुई। इसके बाद 29 अप्रैल को बंगाल की बाकी सीटों पर मतदान हुआ था। पश्चिम बंगाल में दूसरे दौर के चुनाव में गजब हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। टीएमसी और भाजपा के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बाद भी हालात यहां तक खराब हो गए कि तीन सीटों (डायमंड हार्बर, फलता और मगरहाट-वेस्ट) पर दोबारा मतदान करवाना पड़ा। इसके बाद भी जब व्यवस्था नहीं बनी, तो फलता विधानसभा सीट पर 21 मई को तीसरी बार मतदान करवाने का ऐलान कर दिया गया। तमाम उठापटक के बाद अब 824 में से 823 विधानसभा सीटों पर मतदान पूर्ण हो चुका है। मतगणना की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। अब पूरे देश की निगाहें बंगाल से लेकर तमिलनाडु तक इन विधानसभा सीटों के विजयी प्रत्याशियों पर होंगी। क्योंकि इन राज्यों में किसकी सरकार बनेगी। यही आने वाले पांच सालों तक भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

4 मई को ईवीएम खुलने से पहले सवाल कई हैं। पहली सवाल तो यही है कि क्या पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सत्ता हासिल कर पाएंगी? या भाजपा पहली बार इस राज्य में अपना भगवा परचम लहरा देगी। तमिलनाडु में स्टालिन वापस आएँगे या फिर विजय अपना जलवा बिखेरेंगे। असम, केरल और पुडुचेरी में वर्तमान मुख्यमंत्री अपना सत्ता बचा पाएंगे या फिर विपक्ष उन पर हावी हो जाएगा।



### पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत बता रहे एग्जिट पोल्स

इन पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव में जिस प्रदेश ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है पश्चिम बंगाल। पिछले पंद्रह सालों से यहां पर ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी की सरकार है। भाजपा लगातार इस राज्य को जीतने का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक उसको सफलता हासिल नहीं हुई है। हालांकि, इस बार एग्जिट पोल्स की मानें, तो इस बार भाजपा, ममता बनर्जी की सरकार को पछाड़कर इतिहास रचने वाली है। हालांकि, पिछले विधानसभा चुनाव के बाद भी एग्जिट पोल्स ने भाजपा की सरकार दिखाई थी, लेकिन अंतिम नतीजे कुछ और ही रहे थे।

### तमिलनाडु में स्टालिन की वापसी?

दक्षिण भारत की राजनीति के सबसे महत्वपूर्ण राज्य तमिलनाडु में इस वक्त डीएके के स्टालिन की सरकार है। एग्जिट पोल्स की मानें, तो स्टालिन इस चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले हैं। डीएमके और उसका गठबंधन एक बार फिर से राज्य में सरकार बनाने वाला है। हालांकि, अभिनेता से नेता बने विजय का प्रभाव भी पोल्स ने नकारा नहीं है। इसके अलावा भाजपा और एआईडीएमके के साथ उसका गठबंधन एक बार फिर से विपक्ष में बैठता हुआ नजर आ रहा है।

# राजस्थान के 4 जिलों में बारिश, ओले भी गिरे

### जयपुर में हवामहल के सामने पेड़ गिरा

### जैसलमेर में 8वीं तक की स्कूलों का समय बदला



जयपुर।

राजस्थान में आंधी-बारिश का दौर जारी है। जयपुर सहित आसपास के इलाकों में सुबह तेज हवा चली और बूंदाबांदी हुई। रविवार शाम को दौसा के लालसोट, कोटपूतली-बहरोड़ के नारायणपुर क्षेत्र में 20 मिनट तक ओले गिरे। वहीं अलवर जिले के मालाखेड़ा क्षेत्र में भी ओले गिरे। जयपुर में हवामहल के सामने पेड़ गिर गया। इससे यातायात बाधित हो गया। जैसलमेर जिले में हीटवेव को देखते हुए 8वीं तक के स्कूलों का समय बदला गया है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मिलकपुर गांव में आंधी से कई बड़े पेड़ गिर गए। झुग्गी-झोपड़ियां तक उड़ गईं। शनिवार को भी जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, बीकानेर, चूरू समेत कई जिलों में अंधड़ के साथ बारिश हुई। जयपुर में हुई तूफानी बारिश में एक युवक की मौत हो गई। टोंक और अजमेर में भी दो मौत हुई हैं। दौसा में एक घर में आग लग गई। मौसम विशेषज्ञों ने अगले तीन दिन आंधी-बारिश का ये दौर जारी रहने की संभावना जताई है। वहीं, 4 मई को अंधड़ की आशंका जताते हुए 7 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में जैसलमेर, फलोदी, बाड़मेर के एरिया में तेज गर्मी रही। यहां तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### अलग-अलग हादसों में 3 लोगों की मौत

**जयपुर:** जयसिंहपुरा खोर में शनिवार देर शाम अंधड़ में एक हाईटेंशन लाइन टूट गई। एक बाइक सवार युवक युनुस इसकी चपेट में आ गया। करंट के कारण वो जिंदा जल गया।

**टोंक:** दूनी तहसील के ज्योतिपुरा में बकरी लेने गए बुजुर्ग पर पेड़ गया। शनिवार देर रात हुए हादसे में बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गया। हॉस्पिटल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**अजमेर:** शनिवार रात 3 बजे लोहागल में बीपीएल आवास योजना का एक क्वार्टर ढह गया। हादसे पति-पत्नी मलबे में दब गए। महिला सोनू की मौत हो गई। जबकि, दीपक घायल है।

**दौसा:** महवा के सालिमपुर गांव में आंधी-तूफान के बीच एक कच्चे घर में आग लग गई। हादसे में 18 बकरियां जल गईं। आग बुझाने के प्रयास में परिवार के 4 लोग झुलस गए। वहीं, सिकंदरा के बुड़ली गांव में एक मकान की टीनशेड की दीवार ढह गई। हादसे में एक महिला घायल हो गई।

### गर्मी को लेकर बड़े अपडेट्स...

**जयपुर में 80किमी. की रफ्तार से चली हवा:** राजधानी जयपुर में इस सीजन का अब तक का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री रहा है। करीब पांच दिन टेम्प्रेचर 5 डिग्री से ज्यादा गिर गया है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर शनिवार को भी रहा। सुबह कुछ देर बारिश के बाद देर शाम आए अंधड़ और बारिश के कारण गर्मी छू हो गई है। अंधड़ के कारण 80 किमी. की रफ्तार से हवा चली।

**आंधी के साथ बारिश:** बीकानेर, चूरू, फलोदी, सीकर, अजमेर और इनके आसपास के एरिया में शनिवार को मौसम बदल गया। इन इलाकों में घने बादल छाने के साथ तेज धूलभरी हवाएं चली और कुछ जिलों में हल्की बारिश हुई। इससे पहले इन शहरों में दिन में तेज धूप रही और गर्मी के कारण तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

**पारा 44 से ऊपर, तेज गर्मी :** राज्य में जहां कुछ जिलों में शनिवार को वेस्टर्न डिर्स्टबेंस का असर रहा, तो वहीं कुछ जिलों में तेज धूप और गर्मी रही। दिन में सबसे ज्यादा गर्मी जैसलमेर, फलोदी और बाड़मेर में रही। जैसलमेर, फलोदी में अधिकतम तापमान 44.4 और बाड़मेर में 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर 4 मई को सबसे ज्यादा रहेगा। जयपुर, बीकानेर, भरतपुर और अजमेर संभाग में 70 किलोमीटर स्पीड तक की हवा चल सकती है। अगले एक सप्ताह तक हीटवेव से राहत रहेगी।

### मध्य पूर्व तनाव के बीच भारत के लिए राहत

# एक और एलपीजी टैंकर ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य पार किया



नई दिल्ली

भारत से जुड़े एक और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर ने सफलतापूर्वक फारस की खाड़ी में मौजूद संकरे समुद्री रास्ते हॉर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। भारत से जुड़े एलपीजी टैंकर ने हॉर्मुज स्ट्रेट ऐसे समय पर पार किया है, जब अमेरिका और ईरान दोनों के बीच लगातार तनाव जारी है, जिससे स्ट्रेट से आवाजाही करीब रुक गई है। इसे काफी अहम समुद्री रास्ता माना जाता है, क्योंकि इससे दुनिया का करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात होता है।

शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, मार्शल द्वीप समूह के ध्वज वाला जहाज, सर्व शक्ति, जो खाना पकाने के ईंधन के रूप में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली लगभग 45,000 टन एलपीजी ले जा रहा था, शनिवार को ईरान के लारक और केशम द्वीपों के पास से गुजरने के बाद ओमान की खाड़ी में प्रवेश करते हुए देखा गया। माना जा रहा है कि यह जहाज भारत की ओर जा रहा है। सर्वशक्ति, एक विशाल गैस वाहक पोत है, जो पहले फारस की खाड़ी और भारतीय बंदरगाहों के बीच मार्गों पर संचालित होता रहा है। ईरान से जुड़े संघर्ष के शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र में चलने वाले पोतों द्वारा व्यापक रूप से अपनाए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत, यह पोत वर्तमान में अपने भारतीय गंतव्य और चालक दल के विवरण का प्रसारण कर रहा है। इस जहाज को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह ईरान से जुड़े जहाजों को निशाना बनाकर अमेरिका के नेतृत्व में शुरू की गई नाकाबंदी के बाद भारत से जुड़े किसी टैंकर की पहली यात्रा है।

# जॉर्डन की बड़ी सैन्य कार्रवाई: दक्षिणी सीरिया में हथियार और ड्रग्स ठिकानों पर स्ट्राइक

**नई दिल्ली।** जॉर्डन आर्म्ड फोर्सेज (जेएएफ) ने दावा किया है कि उसने रविवार तड़के देश की उत्तरी सीमा पर हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अड्डों को निशाना बनाया। वहीं सीरिया के सरकारी टीवी चैनल ने बताया कि हमले डूज (हथियारबंद समूह) बहुल स्वेदा प्रांत में हुए जो दमिश्क के नियंत्रण में नहीं हैं।

जेएएफ के हवाले से अंग्रेजी मीडिया आउटलेट जॉर्डन टाइम्स ने बताया, जॉर्डनियन डिटरेंस ऑपरेशन के तहत किए गए ये हमले खुफिया और ऑपरेशनल जानकारी के आधार पर थे, जिनमें तस्कर समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे कारखानों, केंद्रों और गोदामों की पहचान की गई थी। ये स्थान जॉर्डन में अवैध हथियार और ड्रग्स भेजने के लिए लॉन्चिंग पॉइंट के रूप में उपयोग किए जा रहे थे।

सेना के बयान में कहा गया कि उत्तरी सीमा (सीरिया से लगती सीमा) पर मौजूद इन ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया। अभियान को सटीकता के साथ अंजाम दिया गया, ताकि जॉर्डन की सीमा में हथियार और नशीले पदार्थों की घुसपैठ को रोका जा सके। सेना ने यह भी बताया कि हाल के दिनों में तस्करी गिरोहों ने नए तरीके अपनाए हैं, जिसमें मौसम की स्थिति और क्षेत्रीय हालात का फायदा उठाकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। बयान के मुताबिक, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी की कोशिशों में स्पष्ट वृद्धि देखी गई है, जो सीमा सुरक्षा बलों और सहयोगी इकाइयों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।

# पौधारोपण अभियान को बनाएं जन आंदोलन मानसून से पूर्व सुनिश्चित होंसभी तैयारियां : सीएम

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से समृद्ध बन रहा प्रदेश का वन-धन

जयपुर।

राज्य सरकार द्वारा बांसवाड़ा के झांतलिया, उदयपुर के बांकी एवं सिरोही के जनापुर में चंदन वन विकसित किए जाएंगे।

इन प्रत्येक चंदन वन में 10 हजार से अधिक चंदन के पौधे रोपित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में इन चंदन वनों के लिए गुणवत्तापूर्ण पौधों का चयन करने तथा इनकी सुरक्षा के लिए चयनित स्थानों पर फेंसिंग के कार्य एवं सिंचाई के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बांसवाड़ा, उदयपुर एवं सिरोही में चंदन वनों की स्थापना से राजस्थान की वन-धन संपदा और अधिक समृद्ध होगी। साथ ही, भविष्य में अन्य जिलों में भी चंदन वन विकसित करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

उन्होंने अधिकारियों को चंदन वन पौधारोपण कार्य में मानसून से पूर्व गड्ढे खुदाई, फेंसिंग कार्य सहित अन्य सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी करने के लिए निर्देशित किया।



### किसानों को फलदार पौधे उपलब्ध करवाएगी राज्य सरकार

श्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि के लिए राज्य सरकार किसानों को फलदार पौधे उपलब्ध करवाएगी। ऐसे में वन विभाग फलदार पौधों के वितरण की भी योजना बनाए। उन्होंने पहाड़ी एवं वन क्षेत्रों में ड्रोन सीडिंग एवं अरावली क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण के भी निर्देश दिए।

# गैलेक्सी आई का 'मिशन दृष्टि' सफलतापूर्वक लॉन्च

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली।

बेंगलुरु स्थित एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई द्वारा विकसित उपग्रह मिशन दृष्टि रविवार को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसकी मदद से प्रतिकूल मौसम आपदा के असर, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट के माध्यम से गैलेक्सी आई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, गैलेक्सी आई द्वारा शुरू किया गया मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। गैलेक्सी आई के संस्थापकों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।




रविवार को 190 किलोग्राम वजनी मिशन दृष्टि कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। यह किसी भारतीय निजी कंपनी द्वारा निर्मित अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह है। इस विशेष उपग्रह की विशेषता यह है कि इसमें एक ही उपग्रह पर मल्टी स्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) इमेजर लगा हुआ है।

दृष्टि मिशन का मूल आधार ऑप्टोसार नामक एक नवीन हाइब्रिड प्रणाली है, जो एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल इमेजिंग और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) को संयोजित करने वाली तकनीक है।

परंपरागत रूप से उपग्रह या तो ऑप्टिकल सेंसर या फिर रडार पर निर्भर करते हैं। ऑप्टिकल सिस्टम तस्वीरों के समान विस्तृत और कलर्ड फोटो कैप्चर करते हैं, लेकिन बादल छाए रहने और अंधेरे से ये जमीनी तस्वीर स्पष्ट नहीं मिलती। दूसरी ओर, रडार सिस्टम बादलों के पार देखने के लिए रेडियो तरंगों का उपयोग करते हैं और रात में भी काम करते हैं, हालांकि वे आमतौर पर कम स्पष्ट छवियां उत्पन्न करते हैं। ऑप्टो सार एक ही उपग्रह में दोनों तकनीकों को एकीकृत करके इस अंतर को पाटता है। यह एक ही बार में ऑप्टिकल और रडार डाटा को एक साथ कैप्चर करता है, फिर आउटपुट को एक एकीकृत छवि में मिला देता है। परिणामस्वरूप हर मौसम में बादलों के रहते हुए भी पृथ्वी की अत्यंत विस्तृत तस्वीरें मिल सकेंगी। यह भारत के सबसे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले उपग्रहों में से एक है।

इस सफल प्रक्षेपण से भारत की अंतरिक्ष यात्रा में वैश्विक साझेदारियों की बढ़ती भूमिका उजागर होती है। स्पेसएक्स की प्रक्षेपण सेवाओं का लाभ उठाकर, भारतीय स्टार्टअप अत्याधुनिक पेलोड विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए कक्षा तक तेजी से और अधिक लचीली पहुंच प्राप्त कर रहे हैं। मिशन दृष्टि भारत के अंतरिक्ष परिदृश्य में एक बदलाव का संकेत देता है, जो काफी हद तक सरकार के नेतृत्व से हटकर निजी नवाचार द्वारा संचालित अधिक गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र की ओर अग्रसर है। जैसे-जैसे गैलेक्सी आई उपग्रह की डाटा क्षमताओं को चालू करने की तैयारी कर रहा है, यह मिशन पृथ्वी पर नजर रखने के तरीके को फिर से परिभाषित कर सकता है, जिससे समय या मौसम की परवाह किए बिना स्पष्ट और अधिक विश्वसनीय जानकारी मिल सकेगी।

# गश्त पर निकले कॉन्स्टेबल का खून से सना शव मिला

## परिजन बोले- बजरी माफिया ने हत्या की है; प्रशासन ने 1 करोड़ मुआवजे की घोषणा की

**टोंक।** टोंक में गश्त पर निकले पुलिस कॉन्स्टेबल का लहूलुहान हालत में शव मिला। चेहरे, गर्दन और सीने पर चोट के निशान हैं। पास में ही उनकी बाइक भी पड़ी थी। सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। कॉन्स्टेबल की बनेठा थाना क्षेत्र की ककोड़ चौकी पर पोस्टिंग थी। घटना की सूचना पर एसपी राजेश मीणा, एएसपी रतनलाल भार्गव और डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों को फोन करके मौके पर बुलाया। बेटे का शव देख पूर्व पार्षद पिता होश खो बैठे। घटना टोंक जिले के बनेठा थाने के उनियारा इलाके में रुपवास मोड़ की रविवार सुबह 8 बजे की है। परिजनों का आरोप है कि बजरी माफिया ने मेरे बेटे की हत्या की है। सुबह साढ़े 11 बजे शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सआदत हॉस्पिटल ले जाया गया। परिजनों ने इमरजेंसी वार्ड के बाहर 2 घंटे तक शव को रखकर प्रदर्शन किया। प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखी। इसके बाद एडिशनल एसपी रतन लाल भार्गव ने क्वाक्त (पुलिस हेडक्वार्टर) से आए लेटर को पढ़कर सुनाया। जिसमें 1 करोड़ रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी पर सहमति बनने की बात लिखी गई थी।

## गर्भवती महिला हेतु किया एसडीपी का दान

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** भड़ौंदा निवासी महिला जब डिलीवरी के लिए खेतान हॉस्पिटल झुंझुनू में भर्ती हुई तो डॉक्टर ने प्राथमिक जांच कर पाया कि महिला की प्लेटलेट्स कम होने के कारण डिलीवरी संभव नहीं होगी। डॉक्टर ने तुरंत ए पॉजिटिव एसडीपी की व्यवस्था के लिए बोल दिया। महिला के परिजन लाइव डोनर की तलाश में घूमते रहे फिर मरीज के परिजनों ने आवाम रक्त वॉरियर्स के सदस्य सीताराम बास बुडाना को अपनी व्यथा बताई। फिर सीताराम बास बुडाना ने तुरंत एक मैसेज बनाकर सोशल मीडिया पर डाला जिसे देखकर आवाम रक्त वॉरियर्स के सदस्य जितेंद्र तंवर देपलवास ने तुरंत अपना रिप्लाई किया। जितेंद्र ने भरी दोपहर में बीडीके बल्ड बैंक में जाकर एसडीपी डोनेट की। एसडीपी की व्यवस्था होने के बाद महिला ने सकुशल बच्चे को जन्म दिया। अब जच्चा बच्चा दोनों सकुशल है। आवाम रक्त वॉरियर्स ग्रुप ने जितेंद्र तंवर का आभार व्यक्त किया। आवाम रक्त वॉरियर्स ग्रुप जिले में रक्तदान शिविरों का आयोजन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से समय-समय पर लाइव डोनर के माध्यम से मदद करता रहता है।

## बेटी की घोड़ी पर बैठाकर निकाली बिन्दौरी

निसं



**चिड़ासन (नवयत्न)।** विवाह समारोह में बेटों की तरह ही अब बेटियों को भी घोड़ी पर चढ़कर बिंदौरी की रस्म निभाने की परंपरा ट्रेंड कर रही है। ऐसा ही नजारा चिड़ासन में देखने को मिला। कमला देवी पुत्री परमानंद पायल ने शादी से पहले अपनी बेटी को बेटे समान समझ कर पालपोष रविवार को बेटे की तरह बेटी को घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बिंदौरी निकाली। वर्तमान में बेटियों के प्रति समाज में जागृति आई हैं। अब बेटियों को भी बेटों के समान समझा जाने लगा हैं। जो देश व समाज के लिए अभिनव पहल हैं। ऐसा ही बेटा-बेटी एक समानता का सन्देश गांव चिड़ासन में पायल परिवार ने कर दिखाया दिया। जिसमें लाडली पूजा पायल को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ बिंदोरी निकाली। परमानंद पायल बताया कि बिटियों की बिंदौरी निकालने का एक मात्र उद्देश्य समाज में बेटा-बेटी के भेद को मिटाकर समानता का सन्देश देना हैं। बिंदौरी में सहेलियों, भाई-बहनों, परिवारजनों सहित रिश्तेदारों ने नाचकर खुशियां मनाई। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में जागृति का संदेश दिया और बेटा-बेटी समानता के वातावरण का निर्माण होता हैं। इस दौरान मंजू पायल, मंजू, अंशु, मनीषा, टीना, प्रियंका, खुशी, मीना, कमला, सुनीता,, संतरा, दीपिका, विमला आदि अनेक सहेलियां बिंदौरी समारोह में मौजूद रहकर डीजे के सामने थिरकती एवं नृत्य करती नजर आई। प्रबुद्ध जन समेत समाज के गणमान्य मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थान पर लगाया वाटर कूलर



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** तहसील के ग्राम बुचावास स्थित गोगामेड़ी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्थापित किया गया। यह सराहनीय कार्य ग्रामीण पेमाराम गुर्जर द्वारा किया गया। भक्त अर्जुन राम सुथार ने जानकारी देते हुए बताया कि पेमाराम पुत्र कुरड़ा राम गुर्जर एवं पेमाराम के दो पुत्रों चंद्रभान और कृष्ण कुमार ने लगभग 40,000 की लागत से यह वाटर कूलर मंदिर में भेंट किया, जिससे गर्मी के मौसम में आने वाले श्रद्धालुओं को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर गांव के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें शीशराम सुखाणी, सोनू, लिच्छू राम, हनुमान चितारा, नानू सोनी, मांगीलाल, सोनू भार्गव, विराट, राम, आर्यन, कुलदीप, देव और संदीप भार्गव शामिल रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## आंधी-बारिश से बदला मौसम, ओले गिरने से आमजन को मिली गर्मी से राहत



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी क्षेत्र में शनिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। दिनभर की भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को अचानक आई इस राहत ने सुकून दिया। शाम करीब साढ़े सात बजे आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगीं। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हुआ, जो कुछ समय तक जारी रहा। इस दौरान करीब पांच मिनट तक ओले गिरे, जिससे सड़कों और घरों की दिवारों के पास सफेद ओलों की परत नजर आई। ओले गिरने से तापमान में तेजी से गिरावट आई और वातावरण ठंडा हो गया। मौसम के इस बदलाव से जहां आमजन ने राहत महसूस की, वहीं किसान भी खुश नजर आए हालांकि कुछ किसानों ने ओलों से सब्जी की फसलों को हल्का नुकसान होने की आशंका जताई है। आंधी के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गई और हल्का नुकसान भी हुआ लेकिन किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। बारिश के बाद खेतड़ी का मौसम सुहावना हो गया और लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवा का आनंद लेते दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम में इसी तरह बदलाव की संभावना बनी हुई है। फिलहाल इस अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि ने गर्मी से बेहाल लोगों को बड़ी राहत दी है। इसके अलावा सिंघाना में तेज हवाओं के चलने से बिजली सप्लाई बंद हो गई। इस दौरान गर्मी में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे बाद तेज हवाओं के बंद होने के बाद बिजली सप्लाई सुचारू रूप से शुरू करवाई गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का मनाया जन्मदिन

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** ग्राम पंचायत हांसपुर की श्रीराम गऊ नंदी शाला में जननायक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 75 वां जन्मदिन मनाया। जन्मदिन गायों को हरा चारा, दलिया, लड्डू, हरी सब्जी खिलाकर एवं पेड़ लगाकर, पक्षियों के लिए परिंडे और दानापुर में दाना डालकर सर्व समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गौशाला समिति के सदस्य पर्यावरण प्रेमी राजू बागवान, बाबूलाल कटारिया व विनेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में राम गोपाल सैनी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फुले



विवाह समिति त्रिवेणी धाम, बलराम यादव, मोहनलाल सैनी, रूडमल सैनी लसाडिया, श्याम सुंदर सैनी जालपाली मूंडरू, नंदकिशोर सैनी, विनेश सैनी, रामनाथ सैनी, ओमप्रकाश, रामअवतार लाठा, लालचंद महाराज इच्छापूर्ण बालाजी धाम लिसाडिया, शिंबू दयाल मीणा, शिंबू दयाल यादव, जमन लाल यादव अरनिया, सीताराम गुर्जर, राकेश गुर्जर, धन्ना लाल गुर्जर, दिनेश कटारिया, कानाराम सैनी, एडवोकेट तरुण सैनी, राजेंद्र कुमार सैनी, भवानी सैनी, महेश सैनी, गिरधारी लाल यादव खानीपुरा, जी एल कटारिया, महेंद्र उपाध्याय, कालूराम रूफाला, गोपाल सेन, राजू भाई हांसपुर, सीताराम तंवर, हांसपुर, बनवारी लाल सैनी अध्यापक, मंगल चंद सैनी, रतनलाल सैनी, प्रभु दयाल सैनी आदि सैकड़ों लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के जन्मदिन पर केक काट कर आपस में मुंह मीठा करवाया।

## कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

निसं

**रींगस (नवयत्न)।** नानी बाई को मायरो कथा को लेकर रविवार को मठ मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भारी गर्मी के बावजूद महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। डीजे व बैण्ड बाजो तथा शाही लवाजमें के बीच निकली कलश यात्रा को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पडा।



कथा वाचक चन्द्र प्रकाश महाराज ने बताया कि कथा को लक्ष्मी नारायण व पत्नी कौशल्या ने अपने सिर पर रखकर रवाना हुए। कलश यात्रा मठ मंदिर से रवाना होकर सीटी बस स्टैण्ड, गांव का बस स्टैण्ड, रामानन्द पाठशाला होते हुए आजाद चौक से डाकवालो का मौहल्ला होते हुए कथा स्थल गोविन्द बंशी गार्डन में पहुंची। इस दौरान जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। गर्मी को देखते हुए भामाशाह चन्द्र शेखर कानूनगो ने अल्पाहार व शीतल पेय की व्यवस्था करवाई। चन्द्र शेखर कानूनगो ने कहा कि धार्मिक कार्य में आमजनों को आगे बढ़कर हिस्सा लेकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कथा को लेकर शहर भर में जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। इस दौरान आयुष कानूनगो, अजित लोरा, प्रेम तिवाड़ी, अर्जून बागडा, रोहित बागडा, सनातन सोनी, विजय भातरा, गोपाल कुमावत, अश्विनी भातरा, रामअवतार किकरतल्ला, गोपाल कुमावत, सतीश जांगिड़, अखिलेश भातरा, ओमप्रकाश कुमावत, मूलचन्द्र जांगिड़ सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## इंटक ने फल वितरित कर मनाया स्थापना दिवस



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** इंटक का रविवार को स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह लाखनी की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दौरान राजकीय उपजिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गये। जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह लाखनी ने कहा कि मजदूर व श्रमिकों के लिए बनाये गये कानूनों का सफल क्रियान्वयन करना चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार के नये श्रम संशोधन विधेयक के लिए पुनर्विचार का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इंटक मजदूरों व श्रमिकों के लिए कार्य करती रहेगी। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान रामगोपाल भिंडा, कांग्रेस नेता सुरज्ञान धाबाई, कैलाश कुमावत, अमित कुमावत, नरेन्द्र कुमावत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कथा में किया भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन



निसं

**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** वार्ड नं 1 स्थित शिव मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत में व्यास पीठ से कथा व्यास चित्रकूट के अवधेश शास्त्री ने कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा की कथा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि नंदोत्सव के बाद पूतना का वध किया गया। पूतना एक वासना है जब तक हमारे जीवन में वासना दूर नहीं होगी तब तक प्रभु की कृपा नहीं होगी। नन्द बाबा ने अपना सर्वशः लुटाया क्योंकि स्वयं लक्ष्मी बैकुंठ को त्यागकर गोकुल में आई और गोकुल की रज में रमण करने लगी। भगवान ने गोपियों के घर जाकर माखन चुराया। इस कथा से भगवान हमारा भी मन रूपी माखन चुराए तब जाकर प्रभु का साक्षात्कार होगा। प्रभु ने वृंदावन में बाल लीलाये गोपियों के साथ की व अघाशुर का वध किया। अघाशुर पाप है प्रभु ने अपने भक्तों को अघाशुर पाप से निकालकर व्रज वासियों को भक्ति प्रदान की। प्रभु का दो बार प्रत्यक्ष रूप से पान किया व ब्रम्हाजी का अहंकार दूर किया । भगवान व्रज में गोप बनकर रहते की कथा के प्रसंग में सुनाया की ब्रह्माजी को आश्यर्च हुआ कि श्रीकृष्ण ने व्रज वासियों की जूठन खाई। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रम्हाजी का अहंकार दूर किया। भगवान श्रीकृष्ण ने भक्ति रूपी यमुना में पाखंड रूपी कालीयां नाग को दूर किया। भगवान कहना चाहते है मेरी भक्ति में जो पाखंड करता है वह मुझे अच्छा नहीं भक्ति में प्रेम हो वही मुझे स्वीकार है। सभी व्रज वासियो ने गिरिराज पूजन किया। भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सांवर मल शर्मा, दिलीप कुमार, दिनेश चेजारा, राजाराम शर्मा, सुनीता किरोड़ीवाल, नूतन, सरोज देवी, शारदा देवी, राजू देवी, संतोष देवी, दया देवी, मंजू देवी, विमला देवी, द्रोपदी देवी, धापू देवी, छोटू देवी, बेबी देवी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम सेहला में बोलेरो की टक्कर से श्योपुरा निवासी बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और परिजनों की रिपोर्ट पर मृतक का अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द करने की कारवाई की है। श्योपुरा निवासी ताराचंद भाम्भू ने बताया कि श्योपुरा निवासी 29 वर्षीय दीपचंद किसी काम से सेहला गांव गया था की तभी वापस आते समय सेहला के पास चूरू की ओर से जा रही बोलेरो गाड़ी को चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दीपचंद पूनिया गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ अस्पताल लाने पर चिकित्स्कों ने दीपचंद पूनिया को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस थाना ने मामला दर्ज कर बोलेरो चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक चार भाई-बहनो में सबसे बड़ा था जिसके दो साल का एक बच्चा भी था। वही हादसे की खबर जैसे ही गांव पहुंची तो अस्पताल में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## अनियंत्रित होकर कार दीवार से टकराई, हादसे में ड्राइवर की मौत

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी थाना क्षेत्र के बीलवा में शनिवार शाम को एक गाड़ी अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। इस दौरान हादसे में गाड़ी ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। जानकारी के अनुसार बीलवा निवासी जयवीर सिंह शेखावत पुत्र पृथ्वी सिंह खेतड़ी के एक निजी अस्पताल में काम करता था। शाम करीब पांच बजे वह बीलवा के फार्म हाउस पर गाड़ी लेकर किसी काम से गया था। इस दौरान फार्म हाउस पर पंहुचने से पहले ही गाड़ी अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। इस दौरान गाड़ी की टक्कर लगने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा गाड़ी में सवार ड्राइवर जयवीर सिंह को गाड़ी से निकाल कर खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर खेतड़ी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। मृतक जयवीर सिंह अपने परिवार में इकलौता सहारा था। इनके पिता पृथ्वी सिंह खेतीबाड़ी का काम करते हैं। मृतक शादीशुदा था इसके एक बेटा गर्वित 10 व बेटी प्रिती 8 साल की है। परिजनों को जब घटना के बारे सूचना लगी तो परिवार में कोहराम सा मच गया। घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीण अस्पताल में एकत्रित हो गए। इस दौरान ग्रामीणों ने परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। इस दौरान हादसे में गाड़ी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एएसआई सुरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वैदिक गुरुकुल स्थापना का त्रिदिवसीय समारोह सम्पन्न



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** भगवती भद्रकाली शक्ति पीठ वैदिक सनातन संस्कृति संरक्षण संस्थान, राजलदेसर के विशाल प्रांगण में आयोजित त्रिदिवसीय वैदिक गुरुकुल स्थापना समारोह रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में देशभर से संत-महात्माओं, विद्वानों एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन समारोह को संबोधित करते हुए गुरुकुल के संस्थापक दण्डी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज ने कहा कि 34 वर्ष पूर्व देखा गया उनका सपना आज साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि माँ भगवती की प्रेरणा और श्रद्धालुओं के सहयोग से वैदिक शिक्षा का यह महत्वपूर्ण केंद्र प्रारंभ हुआ है। उन्होंने संतों को भगवान का नित्यावतार बताते हुए कहा कि संत समाज सदैव लोककल्याण के लिए समर्पित रहता है। नैयायिक सियारामदास महाराज ने कहा कि यह गुरुकुल काशी की वैदिक परंपरा का प्रतिनिधित्व करेगा और क्षेत्र के विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस गुरुकुल के महत्व को समझते हुए इसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया। श्रीगंगानगर से आए कल्याण स्वरूप महाराज ने गुरुकुल संचालन में जनसहभागिता की आवश्यकता बताई। वहीं शुक्रताल से पधारे दण्डी स्वामी ध्रुवानंद महाराज ने वर्तमान समय में बच्चों को संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ने पर बल दिया। कार्यक्रम में वागीश स्वरूप अम्बाला, वैदिक गजानंद रैवासा, महेन्द्र स्वरूप काशी सहित अनेक संतों एवं विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए।

अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष पूनमचंद तिवाड़ी ने गुरुकुल के लिए 5 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की। संस्थान से जुड़े अनिल बैद हैदराबाद ने भी अपने विचार रखे। समारोह के दौरान गुरुकुल स्थापना में सहयोग देने वाले 100 से अधिक सहयोगियों को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बटुकों द्वारा वेद मंत्रों के सुमधुर उच्चारण से हुआ।



## अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं से 12वीं तक आयोजित फोर्टनाइटली टेस्ट, क्लैट, आईलेट, सीयूईटी, एसटीएसई एवं सीए फाउण्डेशन टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 136 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, कॉर्डिनेटर्स व फैकल्टी मेंबर्स ने टॉपर विद्यार्थियों का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मान किया।

सेमिनार में डॉ. पीयूष सुण्डा ने विद्यार्थियों से एकेडमिक एक्सिलेंस, डिसिप्लिन एवं पर्सनैलिटी ग्रूमिंग तीनों पर विशेष फोकस करने का आह्वान किया।

## हीट वेव को लेकर संयुक्त निदेशक ने किया अस्पताल का दौरा

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** चिकित्सा विभाग के जयपुर स्थित निदेशालय से संयुक्त निदेशक डॉक्टर सुभाष खोलिया, चूरू से उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रवीण झुरिया ने चूरू जिले में हीट वेव से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा राजकीय बगड़िया उप



जिला अस्पताल पहुंचकर लिया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्डो का निरीक्षण किया तथा वार्ड में की आईस पैक, सिनक, ओआरएस कोर्नर, आवश्यक मेडिसिन, जांच, विभिन्न उपकरणों की क्रियाशीलता आदि के बारे में जानकारी ली। पीएमओ एवं नर्सिंग अधीक्षक तथा वार्ड प्रभारी को निर्देश प्रदान किए गए कि हीट वेव को मध्यनजर रखते हुए अस्पताल में और अधिक समुचित व्यवस्थाएं समय पर करें तथा मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने दें।

# आंधी तूफान की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**बिजली तार टूट कर बाइक पर गिरने से लगी थी बाइक में आग**

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में शनिवार देर शाम अचानक से मौसम परिवर्तन और तेज आंधी–तूफान में जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में बिजली का तार टूटकर बाइक सवार युवक पर गिर गया और बाइक में आग लग गई। आग में बाइक सवार युवक जिंदा जल गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से शव को सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर भिजवाया। रविवार सुबह गुस्साए परिजनों ने मुर्दाघर के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मामला दर्ज होने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी मुकेश मीना ने बताया ने बताया कि खोह–नागोरियान निवासी यूनुस शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे जयसिंहपुरा खोर में अपने परिचित से मिलने जा रहा था। इसी दौरान आई आंधी–तूफान के कारण हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर रोड पर गिर गया। इसकी चपेट में आने से बाइक सहित यूनुस जमीन पर गिर गया। देखते ही देखते बाइक में आग लगने के साथ यूनुस भी करंट की चपेट में आते हुए जलने लगा। पुलिस ने जैसे–तैसे बिजली लाइन बंद करवाकर यूनुस को हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद रविवार को मृतक के परिजन सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचे और मुर्दाघर के बाहर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इसी के साथ उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। हादसे के वक्त स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर मामले की सूचना दी। लेकिन बिजली विभाग ने लाइट बंद नहीं की। अगर समय रहते लाइट बंद हो जाती तो यूनुस की जान बच जाती। इसी के साथ मृतक के परिजनों ने आर्थिक सहायता की मांग की। पुलिस ने बिजली विभाग के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर परिजनों को शांत कराया और पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# विधायक बुडानिया ने किया उपजिला अस्पताल का निरिक्षण



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया ने रविवार को कस्बे के उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया जिसमें साफसफाई में अनियमिता पाई गयी एवं पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं पाई गयी जिस पर विधायक बुड़ानिया ने नाराजगी जतायी। विधायक बुड़ानिया ने उपस्थित अधिकारियों एवं दूरभाष पर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर सफाई व्यवस्था में सुधार एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक बुड़ानिया ने अस्पताल परिसर में चल रही अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया एवं खाने की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष भागीरथ भामी, मुंशी खान तेली, कुंदन सैनी, बाबूहुसैन कुरैशी, दिनेश खंडेलवाल, शरीफ खान, आशिफ चौहान, अर्जुन फौजी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोजपा दिल्ली अध्यक्ष ने किए बालाजी के दर्शन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लोजपा पार्टी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष शंकर मिश्रा के सुजानगढ़ आगमन पर गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने उनका स्वागत किया। मिश्रा ने सपत्नीक डूंगर बालाजी धाम पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी प्रकाश पुजारी ने मिश्रा को पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर पर देश प्रदेश में अमन चैन खुशहाली के लिए मिश्रा ने प्रार्थना की।

# आज 8 विधानसभा क्षेत्रों के 31 गांवों में जायेंगे प्रचार रथ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबधित योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए ग्राम रथ अभियान द्वारा जिले की 8 विधानसभाओं में एलईडी वैन द्वारा 31 गांवों में जाकर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

**सोमवार को इन गांवों में पहुंचेगा प्रचार रथ**

जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि 4 मई को फतेहपुर की बिराणियां, कांरगा बड़ा, दांतरू, लक्ष्मणगढ़ की अलखपुरा बोगन, बठोठ, पाटोदा, हापास, भोजासर बड़ा, धोद की सिंगरावट, पूर्णपुरा, सरवडी, भुवाला, सीकर की बाजौर, देवगढ़, मलकेडा, दांतारामगढ़ की बनाथला, खोरा, बाज्यावास, खण्डेला की पणिहारवास, सेवली, गुरारा, बल्लुपुरा, नीमकाथाना की श्यालोदड़ा, श्यामपुरा, बिहार, डाबला, बिहारीपुर, श्रीमाधोपुर की सिहोडी, आसपुरा, दिवराला, जुगराजपुरा गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जायेगा।

# ग्राम रथों से ग्रामीणों तक पहुंच रही योजनाओं की जानकारी, विकसित राजस्थान की दिशा में प्राप्त कर रहे सुझाव

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संचालित ग्राम रथ अभियान अंतर्गत ग्राम रथ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में पहुंच रहे हैं। इन ग्राम रथों से ग्रामीणों तक योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है और विकसित राजस्थान की दिशा में आमजन के अमूल्य सुझाव प्राप्त किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में ग्राम रथ अभियान अंतर्गत ग्राम रथ रविवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में पहुंचे और आमजन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई। ग्राम रथों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। ग्राम रथों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं कौशल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी मल्टीमीडिया माध्यमों, ऑडियो–वीडियो प्रस्तुति एवं प्रचार सामग्री के जरिए प्रभावी तरीके से दी। ग्राम रथ केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करते हुए ग्रामीणों से सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए जा रहे हैं, जिन्हें नीतियों के सुधार एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए उपयोग में लिया जाएगा।

**ग्रामीण इलाकों में पहुंचे विकास रथ**

रविवार को ग्राम रथ जिले के सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में कल्याणपुरा पुरोहितान, सवाई बड़ी, बन्धनाउ उतरादा, बन्धनाउ दिखणादा, भोजूसर उपाधियान, रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गुलेरिया, बडाबर, भानीसरिया तेज, सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मुरडाकिया व तारानगर विधानसभा क्षेत्र के लुणास, गाजुवासए पुनरास, आनन्दसिंहपुरा, खरतवासिया तथा चूरू विधानसभा क्षेत्र के नाकरासर, जसरासर व बीनासर तथा सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के कालरी, हरपालू कुबड़ी, हरपालू कुशाला, बींजावास व नीमां पहुंचे तथा सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी आमजन को दी। इस दौरान रथ के साथ कला जत्था कलाकारों ने अपनी रोचक प्रस्तुतियों के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही मौजूद 13 विभागों के




अधिकारियों, कर्मचारियों ने योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में अंतिम पड़ाव स्थल पर अधिकारियों ने सांध्य चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण का भी प्रयास किया जा रहा है।

# कर्म योग द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों का सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ब्रह्माकुमारीज के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के प्रशासनिक प्रभाग व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कर्म योग द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों का सशक्तिकरण सम्मेलन् लुहारगाड़ा स्थित स्थानीय केंद्र पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक, जोधपुर से मुख्य वक्ता बी के सुचिता, बी के शील दीदी माउंट आबू से बसंती, चूरू से बी के सुमन ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बीके सुचिता ने स्लाइड के माध्यम से उपस्थित सभा को कार्य करते हुए तनाव से मुक्त रहने के उपाय बताए। बीके मीनू ने खेल के माध्यम से सभी



को कार्यक्षेत्र में परिवार में प्यार से रहने की शिक्षा दी और कहा कि अपने दिल में बात दबा के नहीं रखना, अपने प्रियजनों को शेयर करनी चाहिए।

बीके शील दीदी ने सभी को परमात्मा की अनुभूति कराई और कहा कर्म करते हुए परमात्मा की याद रहेगी तो वह कार्य अच्छा होगा और उसमें सफलता मिलेगी। तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक ने कहा आज से 40 साल पहले ऐसी शिक्षा की जरूरत नहीं होती थी क्योंकि उस समय मनुष्य कर्म करते हुए भगवान को याद करता था। जिस कारण उनके अंदर दिव्य गुण होते थे लेकिन आज इस मोबाइल में अपने अंदर इतना बिजी कर लिया है कि सुबह उठते ही मोबाइल और रात को सोने तक मोबाइल। इसलिए परमात्मा को याद करने के लिए उनके पास समय ही नहीं बचता। इसलिए ऐसे कार्यक्रमों की हमें जरूरत पड़ती है। बैंककर्मी सुधीर कुमार, जनार्दन जांगिड़ ने बांसुरी वादन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया और ब्रह्माकुमारीज के द्वारा किए जा रहे समाज सुधार के कार्य की सराहना की। ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र की बी.के. सुप्रभा ने बताया कि कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियो ने भाग लिया। आबु से बीके दिव्या, बीके अमिता, बी के रंजीता, प्रशासक सविता राठी, सीताराम शर्मा, करणी सिंह शेखावत, जनार्दन जांगिड़, गणेशमल सोमानी, रामाकिशन जांगिड़, विद्याप्रकाश पारीक, राजेश सुंदरियां, सुभाष बेदी, गिरधारी लाल जांगिड़, बजरंग सैन आदि उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री का किया स्वागत



निसं

**पलसाना ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती मंडा मोड के पास रविवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का भव्य स्वागत किया गया। विधानसभा क्षेत्र दांतारामगढ़ जनसेविका भाविका मील गिल के नेतृत्व में बैंड बाजे के साथ खाटूश्यामजी जाते समय पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों महिलाओं के साथ मंडा मोड तोरण द्वार के आगे शानदार स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री के स्वागत में तोरण गीत, स्वागत एवं महिलाओं ने राजस्थानी लोक गीतों के मध्य राजस्थानी चुनरी ओढ़ाकर राजस्थान की शान, आन और सम्मान का प्रतीक साफा व पुष्पहार पहनाकर गुलदस्ता एवं बाबा श्याम का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र जनसेविका भाविका मिल गिल, भामाशाह गुलाबी गढ़वाल, सागरमल गीला, रामलाल बिजारणिया, बहादुर सिंह खर्रा, राजेंद्र प्रसाद भिंडा, राधाकृष्ण गोयल, जयराम चैचू, दीपेंद्र चौधरी, मुरलीधर जटराणा, संतोष देवी गीला, संतोष कंवर, मंजू देवी खर्रा, प्रभाती देवी खर्रा, विमला देवी गीला, अनीता देवी, सुशीला देवी, सजना देवी, सुमन देवी, कमला सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के मुख्य ट्रस्टी का किया अभिनंदन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत समिति सभागार में सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के मुख्य ट्रस्टी महावीर प्रसाद तापड़िया एवं समन्वयक कमल बाबू का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संस्था प्रधानों की उपस्थिति में साफा, दुपट्टा पहनाकर एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सीबीईओ संदीप कुमार व्यास ने ट्रस्ट द्वारा पूर्व में लगाए गए स्वयंसेवक शिक्षकों के परीक्षा परिणाम की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए विभिन्न संस्थाओं के लिए अन्य स्वयंसेवक लगाने की संरक्षक से मांग की गई। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक शिक्षकों ने शिक्षण व्यवस्था, परीक्षा परिणाम और विद्यालयों के नामांकन वृद्धि में बेहतर सहयोग प्रदान किया है। इस अवसर पर सुप्रीम फाउंडेशन के समन्वयक श्याम बाबू ने कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान रेमेडियल कक्षाओं के संचालन के लिए इच्छुक संस्था प्रधान सीबीईओ के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस मौके पर प्राचार्य सुरेश कुमार शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, विक्रम सिंह चौहान, कन्हैया लाल शर्मा, विनोद कुमार जांगिड़, पंकज कुमार, भानुप्रकाश इन्दौरिया, मनफूल खरडिया, हिमांशु नाथोलिया, सूरज शास्त्री, भोपाल सिंह आदि भी उपस्थित थे।

# पूर्व सीएम के जन्मदिन पर की पूजा-अर्चना

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड 35 में स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर गहलोत के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और खुशहाल जीवन की कामना की। इस अवसर पर शिव कुमार सैनी, मुकेश, विकास कुमार, भगवानदास, अशोक, बाबूलाल, मानाराम आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गैस सिलेंडर में लगी आग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गलता गेट थाना इलाके में स्थित बासबदनपुरा के शिवा कॉलोनी में शनिवार देर रात अचानक से गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिसके बाद परिवार में चीख–पुकार मच गई। शोर–शराब की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे । जिसके बाद इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंच पुलिस के एक पुलिसकर्मी ने अपनी सूझबूझ दिखाते हुए आग की लपटों से घिरे सिलेंडर को मकान से बाहर निकाला और आग पर काबू पाया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि थाना इलाके में स्थित शिवा कॉलोनी में शनिवार देर रात करीब 10 बजे एक मकान में गैस सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर की आग ने मकान में रखे गद्दे और अन्य सामानों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके बाद मकान में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई और चीख–पुकार का माहौल बन गया। आवाज सुन के आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के जवान ने गीले कपड़े की मदद से आग की लपटों में घिरे सिलेंडर को मकान से बाहर निकाल और आग पर काबू पाया। वहीं पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

# दिव्यांग पंकज शर्मा को मिली स्कूटी, शारीरिक बाधाएं हुई दूर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वंचित व पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हर वंचित व्यक्ति को संबल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए प्रदेश सरकार की दिव्यांग स्कूटी योजना दिव्यांगों के लिए सहारा बन रही है और दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान का नया अध्याय लिख रही है। ऐसा ही एक उदाहरण है चूरू जिले के रतननगर निवासी पंकज शर्मा काए जिनको दिव्यांग स्कूटी योजना अगर स्कूटी मिलने से अब दैनिक कार्यों के लिए उनकी दूसरों पर निर्भरता समाप्त हुई है। दिव्यांग पंकज बताते हैं कि वह रोजगार हेतु मिठाई की दुकान पर काम करते हैं और रोजगार सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए पहले उन्हें दूसरों पर निर्भर



रहना पड़ता था। वह बताते हैं कि जब उन्होंने राज्य सरकार की ष्मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत आवेदन किया तो पात्रता और पारदर्शिता के आधार पर उनका चयन हुआ और उन्हें राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क स्कूटी प्रदान की गई। स्कूटी मिलने पर खुशी जताते हुए दिव्यांग पंकज शर्मा बताते हैं कि सरकार की इस योजना ने उनकी शारीरिक बाधाओं को दूर किया है। वह बताते हैं कि उनके लिए दैनिक जीवन की भागदौड़ और आवागमन एक बड़ी चुनौती थी। शारीरिक अक्षमता के कारण उन्हें दैनिक जीवन के कार्य, रोजगार हेतु मिठाई की दुकान पर कार्य करने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। वह बताते हैं कि राज्य सरकार की ओर से स्कूटी मिलने पर अब अब उन्हें घर से बाहर निकलने के लिए किसी के सहारे की जरूरत नहीं पड़ती। अब वह अपने घर से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित मिठाई की दुकान पर काम करने आसानी से जा पाते हैं और अपनी आजीविका कमा रहे हैं। अपनी खुशी जाहिर करते हुए दिव्यांग पंकज शर्मा और उनके परिवार ने राजस्थान सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया है। पंकज कहते हैं कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस जन.कल्याणकारी योजना ने मुझ जैसे हजारों युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। वह कहते हैं कि जब सरकार की संवेदनशील नीतियां और व्यक्ति का दृढ़ संकल्प साथ आते हैं, तो कोई भी बाधा सफ्लता की राह में रुकावट नहीं बन सकती।

# पांडुलिपि संरक्षण पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत 4 से 7 मई तक संस्थान में पांडुलिपियों का संरक्षण एवं परिरक्षण विषय पर चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यशाला राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के आयुर्वेद पांडुलिपि विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है, जो देश में आयुर्वेद पांडुलिपि विज्ञान के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत है और दुर्लभ एवं अप्रकाशित आयुर्वेदिक पांडुलिपियों के संकलन, डिजिटलीकरण, समालोचनात्मक संपादन एवं प्रकाशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कार्यशाला में देशभर के विभिन्न संस्थानों से लगभग 25 संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित हुई है, जो इसकी राष्ट्रीय महत्ता को दर्शाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के ज्ञान भारतम् से विशेषज्ञ प्रशिक्षक पांडुलिपि संरक्षण के उन्नत एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विशेष सत्र संचालित करेंगे। साथ ही विभागीय संकाय सदस्य विषय–विशेष व्याख्यान एवं प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा के इस प्राचीन ज्ञान और धरोहर को सुरक्षित रखने के लिये




संस्थान के पांडुलिपि विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जाता है। इस तरह की कार्यशाला पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों एवं आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के मध्य सेतु का कार्य करती हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर असित कुमार पाञ्ञा ने कहा कि यह कार्यशाला प्रशिक्षित विशेषज्ञों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने पारंपरिक एवं आधुनिक संरक्षण विधियों के समन्वय तथा अंतर्विषयी सहयोग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। यह कार्यशाला वैज्ञानिक संरक्षण तकनीकों, निवारक उपायों एवं डिजिटलीकरण प्रक्रियाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी, जिससे प्रतिभागियों की दक्षता में वृद्धि होगी और भारत की समृद्ध आयुर्वेदिक पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण में उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित हो सकेगी।

# राष्ट्रीय तैराकी पदक विजेता परी भोजवानी का किया सम्मान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर राजस्थान और सिंधी समाज का गौरव बढ़ाने वाली खिलाड़ी परी भोजवानी की उपलब्धि को सराहते हुए चेटीचंड सिंधी मेला समिति जयपुर ग्रेटर ने उनका भव्य अभिनंदन किया। मुख्य संरक्षक दादा सुंदर ठाकुर जी की प्रेरणा से आयोजित इस समारोह में परी को स्मृति चिन्ह शील्ड और 1100 रुपये की सम्मान राशि भेंट की गई। इस



दौरान समिति के पदाधिकारियों ने परी के पिता कमल भोजवानी का भी शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश बूलचंदानी ने कहा कि परी ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया है कि समाज की बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समिति का सदैव यह प्रयास रहता है कि ऐसी खेल प्रतिभाओं को उचित मंच और प्रोत्साहन मिले ताकि वे भविष्य में देश के लिए स्वर्ण पदक जीत सकें। महासचिव रमेश मोटवानी ने कहा कि परी की यह सफलता सिंधी समाज के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने परी के अनुशासन और खेल के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान से अभिभूत कमल भोजवानी ने समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के वरिष्ठजनों का यह स्नेह और आशीर्वाद परी के मनोबल को और बढ़ाएगा। वहीं, विजेता परी भोजवानी ने अपनी सफ्लता का श्रेय माता–पिता और कोच को देते हुए कहा कि इस तरह के प्रोत्साहन से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। समारोह में मुख्य संरक्षक संतोष धिरवानी, सचिव जय निरंकारी, हरीश मोटवानी और प्रमोद भोजवानी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने परी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# विचार: वैश्विक संकट बना अमेरिका-ईरान का टकराव

होर्मुज समुद्री मार्ग पर ईरान के आधिपत्य जमाने की कोशिश और इसके जवाब में अमेरिका की ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के चलते पूरे विश्व में ऊर्जा का न केवल संकट बरकरार है, बल्कि वह गहराता भी जा रहा है। जहां अमेरिका ईरान के तेल टैंकरों को नहीं निकलने दे रहा है, वहीं ईरान होर्मुज से तेल और गैस लेकर आ रहे जहाजों को रास्ता नहीं दे रहा है। एक तरह से दोनों देश अड़ियल रवैया अपनाए हुए हैं। यह तब है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम भी कायम है।

फिलहाल इस युद्धविराम से दुनिया को कोई लाभ नहीं मिल रहा है, क्योंकि पश्चिम एशिया का संकट यथावत है और होर्मुज पहले की तरह बाधित है। ट्रंप ने युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने के बाद जब ईरान पर परमाणु मसले पर जल्द समझौते के लिए दबाव डालना शुरू किया तो प्रारंभ में तो वह इस दबाव का प्रतिकार करते दिखा, लेकिन अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी से वह अब कुछ बेचैन दिख रहा है। इसका कारण यह है कि वह जिस तेल का उत्पादन कर रहा है, उसका निर्यात नहीं कर पा रहा है और उसके पास अब और अधिक तेल के भंडारण की क्षमता नहीं बची। ऐसे में उसे अपने तेल कुओं को बंद करना पड़ सकता है। इसके नतीजे में उन्हें स्थायी रूप से नुकसान पहुंच सकता है। शायद इसी कारण ईरान ने पाकिस्तान के जरिये अमेरिका को नया प्रस्ताव भेजा, लेकिन वह ट्रंप को रास नहीं आया। देखना है कि इसके बाद ईरान क्या करता है और ट्रंप क्या करते हैं?

यदि ईरान परमाणु मसले पर समझौते से इन्कार करता रहता है तो ट्रंप उसे नए सिरे से निशाना बना सकते हैं, लेकिन उनके लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट को लेकर वे अपने घर में ही आलोचना से घिर गए हैं। उनके रक्षा मंत्री विपक्षी डेमोक्रेट सांसदों को यह बता पाने में नाकाम हैं कि ईरान के खिलाफ चले 40 दिन के युद्ध में अमेरिका को क्या हासिल हुआ? अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता विफल होने और दूसरे दौर की वार्ता कराने में पाकिस्तान के नाकाम हो जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने संकट सुलझाने के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की, लेकिन इससे भी बात बनती नहीं दिखी। इस बातचीत में रूस ने ईरान के संवर्धित यूरेनियम को अपने पास रखने का प्रस्ताव दिया, लेकिन इस पर बात तभी आगे बढ़ सकेगी, जब ईरान सहमत होगा।

आज यक्ष प्रश्न यह नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कायम रहेगा या नहीं, बल्कि यह है कि होर्मुज समुद्री मार्ग खुलेगा या नहीं? यदि यह समुद्री मार्ग नहीं खुलता तो तेल और गैस के दाम नीचे आने वाले नहीं और यदि वे इसी तरह बढ़ते रहे तो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगा सकती है। कई देशों में तो तेल और गैस के दाम बढ़ भी गए हैं। इसका प्रतिकूल असर उद्योग-धंधों के साथ रोजगार पर भी पड़ रहा है। अभी तक भारत को केवल एलपीजी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को इस किल्लत के बीच कमर्शियल सिलिंडरों के दाम बढ़ाने पड़े हैं। पिछले कुछ समय से कारखानों में इस्तेमाल होने वाली गैस की कमी भी देखी जा रही है और उनका उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कहीं-कहीं श्रमिकों के काम के घंटों और दिनों में भी कटौती होने लगी है। एक समस्या यह भी है कि निर्यातक अपना सामान खाड़ी के देश नहीं भेज पा रहे हैं। इसी तरह खाड़ी देशों से तेल और गैस के अलावा अन्य उत्पाद भी नहीं आ पा रहे हैं। इसका भी असर उद्योगों पर पड़ रहा है।



जहां तेल के दाम 125 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गए हैं, वहीं रुपया डॉलर के मुकाबले 95 के स्तर को लांघ गया है। यह भारत के लिए दोहरा संकट है, क्योंकि इससे आयात बिल बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल के बढ़ते मूल्यों और रुपये में गिरावट से महंगाई बढ़ने का खतरा है। अब तो इसकी भी आशंका है कि तेल कंपनियों को अपना घाटा कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाने पड़ सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो महंगाई का तेजी से बढ़ना तय है। महंगाई बढ़ने से आम आदमी के समक्ष संकट तो बढ़ेगा ही, सरकार के लिए भी मुश्किलें बढ़ जाएंगी। सरकार कुछ भी दावा करे, उसके लिए बहुत दिनों तक पेट्रोल और डीजल के मूल्य स्थिर रखना कठिन होगा। यह ध्यान रहे कि कच्चे तेल के बढ़े दामों के बोझ से आम आदमी को बचाने के लिए सरकार पहले ही अपने टैक्स राजस्व में कटौती कर चुकी है।

इसके तहत पिछले माह पेट्रोल और डीजल, दोनों पर उत्पाद शुल्क में कमी की गई थी, लेकिन आगे उसके लिए ऐसा करना कठिन होगा। सरकार ने अभी तक भले ही पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रखे हों, लेकिन उसे कमर्शियल सिलिंडर के दाम बढ़ाने के साथ विदेशी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम बढ़ाने पड़े हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा मंहगी हुई। गत दिवस फिर से एटीएफ के मूल्य बढ़ाए गए। इससे अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा और महंगी होना तय है। कुछ एयरलाइंस की घरेलू यात्रा भी महंगी हो गई है। स्पष्ट है इसका असर आम लोगों के साथ आर्थिकी पर भी पड़ेगा। ऐसा नहीं है कि केवल गैस की ही किल्लत देखने को मिल रही है। चूंकि उर्वरक उत्पादन में प्राकृतिक गैस का उपयोग होता है, इसलिए उसके भी दाम बढ़ने और उसकी आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। तारकोल भी पेट्रोलियम रिफाइनिंग का एक उप-उत्पाद है और देश में उसकी भी कमी देखी जा रही है।

यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी जारी रहती है और होर्मुज समुद्री मार्ग नहीं खुलता तो पश्चिम एशिया का संकट पूरी दुनिया के लिए कहीं बड़े संकट में तब्दील हो जाएगा। इसके लिए केवल अमेरिका और इजरायल ही नहीं, बल्कि ईरान भी दोषी होगा, क्योंकि अब वह भी हठधर्मिता दिखा रहा है। जहां अमेरिका चाह रहा है कि ईरान अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को स्थगित करे, वहीं पहले इसी मसले पर अमेरिकी प्रतिनिधियों से बात कर रहे ईरानी नेता अब यह कह रहे हैं कि इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता। स्पष्ट है कि ईरान का यह रुख न तो अमेरिका को स्वीकार होगा, न इजरायल को और न ही खाड़ी देशों को।

# शोर का न ओर-छोर

यूं तो हाल के वर्षों में आम भारतीय की अभिव्यक्ति में तल्खी व शोर का ग्राफ तेज हुआ है। अभिव्यक्ति का मुखर होना अच्छा है लेकिन उसका तल्ख होना, किसी की भी सेहत के लिए अच्छा नहीं है। वैसे हमारे परिवेश में लगातार बढ़ता शोर झेलना हमारी नियति हो चला है। सड़कों पर वाहनों के शोर, नये दौर के कर्कश संगीत से लेकर राजनीतिक विमर्श में होने वाले शोरगुल वाले संवाद से लेकर तमाम ऐसा कुछ घट रहा है, जो हमारी परेशानी का सबब बन रहा है। यूं तो कोई प्रमाणिक राष्ट्रव्यापी वैज्ञानिक शोध व्यापक रूप में हमारे सामने तो नहीं आए हैं जो ठीक-ठीक बताएं कि ध्वनि प्रदूषण हमारी सेहत पर कितना घातक असर डाल रहा है। लेकिन गाहे-बगाहे सामने आए आंकड़े इस बात की पुष्टि जरूर करते हैं कि लगातार बढ़ता शोर हमारी सेहत बिगाड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद इसे रोकने के लिए उचित निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई और दंड के प्रावधान लागू होते नजर नहीं आते हैं। लेकिन विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष बता रहे हैं देश के महानगरों से लेकर कस्बों तक हमारे परिवेश का शोर तय मानकों से कहीं अधिक है। जाहिरा तौर ये शोर हमारी सेहत को गहरे तक प्रभावित कर रहा है। जिससे न केवल हमारी श्रवण शक्ति कमजोर हो रही है बल्कि नींद में कमी, मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप के अलावा हृदय रोग तक का खतरा बढ़ रहा है। लेकिन इस दिशा में कागजों में तो लुभावनी योजनाएं तो बनायी जाती हैं लेकिन जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। यह सुखद है कि पिछले दिनों देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दिशा में नई पहल शुरू की गई है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया आरंभ की है। दावा किया जा रहा है कि प्रदूषण के स्रोतों की कायदे से निगरानी होगी। इसके अलावा समयबद्ध ढंग से कार्रवाई होगी। साथ ही जुर्माना भी अनिवार्य रूप से वसूला जाएगा। ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि अच्छी योजना कितनी जमीनी हकीकत बनती है।

लेकिन सवाल यह है कि जब देश में पहले से शोर नियंत्रण के कानून मौजूद हैं और हमारी अदालतें भी समय-समय पर हमारे नीति नियंताओं को आगाह करती ही रहती हैं, तो फिर सूरत क्यों नहीं बदलती। आखिर इन नियम-कानूनों के क्रियान्वयन में कहां खोट रह जाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम, 2000 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों, निर्माण कार्यों और उद्योगों में इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों, वाहनों के हार्न आदि अन्य स्रोतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया था। ताकि लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा हो पाए। उल्लेखनीय है कि ये प्रावधान दिन व रात के लिये अलग-अलग हैं। जिसके अंतर्गत रात के दस बजे से लेकर सुबह छह बजे के मध्य लाउडस्पीकर लगाना मना है।

यदि अपरिहार्य कारणों से कुछ अधिक समय के लिये इसका उपयोग किया भी जाना है तो संबंधित अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन कानूनों का जमकर उल्लंघन करना शान समझा जाता है। जाहिर बात है कि जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी इसकी निगरानी और रोकने के लिये होती है वे अपने दायित्वों को भलीभांति निर्वहन नहीं करते हैं। सख्ती के अभाव में लोग इसे न्यू नॉर्मल बना देते हैं। विडंबना यह है कि छोटे शहरों व कस्बों ही नहीं, बड़े शहरों में भी ध्वनि का स्तर नापने वाले यंत्र या तो लगे नहीं हैं, या फिर वे ठीक से काम नहीं कर रहे होते हैं। यही वजह है कि देश के सामने वह तस्वीर नहीं उभरती कि देश में ध्वनि प्रदूषण का स्तर कितना घातक हो चला है। जाहिर बात है कि देश में जब प्रामाणिक डाटा ही उपलब्ध नहीं है तो उसके निदान और उसके पड़ने वाले घातक प्रभावों की हकीकत कैसे सामने आएगी। वास्तव में गैर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। यदि वे फिर भी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करते तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।




# शांति स्थापना में मीडिया की आध्यात्मिक दृष्टि मददगार

वर्तमान अशांत वैश्विक दौर में ब्रह्माकुमारी मिशन आध्यात्मिक चिंतन के माध्यम से शांति स्थापना के लिए अथक प्रयास कर रहा है। इस मिशन के साथ-साथ मीडिया भी यदि शांति के लिए हो रहे प्रयासों में अपना भरसक योगदान करने लगे तो इस दिशा में विश्व जनमत और मजबूत हो सकता है।

ओम? शांति। वैसे तो 'ओम' रूपी इस अपार शांति सागर में मेरे विचार गागर में एक बूंद की माफिक होंगे। फिर भी वैश्विक शांति के लिए मीडिया की भूमिका कैसी होनी चाहिए, इस विषय पर अपने अनुभव, अपने विचार और सुझाव रखने का प्रयास कर रहा हूं। तो चलिये, 'नीड ऑफ ग्लोबल पीस, रोल ऑफ मीडिया' के विषय पर चर्चा की शुरुआत कुछ इस तरह से करते हैं

कलम उठे तो अमन की कहानी लिखी जाये, हर एक खबर में इंसानियत दिखी जाये।

निस्संदेह, विश्व आज सर्वाधिक अशांत दौर से गुज़र रहा है। चारों तरफ भय और असुरक्षा का माहौल है। व्यक्ति, राष्ट्र से लेकर विश्व स्तर तक स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कोरोना काल से लेकर, यूक्रेन युद्ध और आजकल अमेरिका-इस्राइल और ईरान द्वंद्व तक के संघर्ष ने दुनिया के अरबों लोगों के जीवन को अशांत बनाकर रख दिया है। हाल के दशकों में वैश्वीकरण और उदारीकरण के बाद दुनिया को एक वैश्विक गांव बनाने का जो सपना देखा गया था वह ध्वस्त होता नज़र आ रहा है। ऐसे हालात में 'नीड ऑफ ग्लोबल पीस एंड रोल ऑफ मीडिया' विषय आज निश्चित रूप से समय की मांग है। आज जहां संयुक्त परिवार बिखर कर 'एकल' में सिमटने लगे हैं, दाम्पत्य जीवन में टूटन बढ़ रही है। भागदौड़भरी जिंदगी जी रही युवा पीढ़ी में सहनशीलता, धैर्य का क्षरण हो रहा है। परिवार से लेकर समाज तक और समाज से लेकर देश-विदेश तक मानव मनोविकारों का संत्रास हमारे भाईचारे को, विश्व बंधुत्व के हमारे सपनों को चकनाचूर कर रहा है। सोचा तो यह था कि तकनीकी उन्नति समाज को और देशों को जोड़ने का काम करेगी, लेकिन उलटे दुनिया संघर्षों में उलझी दिखायी पड़ रही है। पूरी दुनिया में युद्ध, मृत्यु, तबाही, विस्थापन और मानवीय विपदाओं का अंतहीन सिलसिला चल निकला है। निस्संदेह ब्रह्माकुमारी मिशन विपदाओं के इस सिलसिले को थामने में आध्यात्मिक चिंतन के माध्यम से अथक प्रयास कर रहा है। इस मिशन के साथ-साथ मीडिया भी शांति के लिए हो रहे प्रयासों में अपना भरसक योगदान करने लगे, अपनी सक्रिय भूमिका निभाने लग जाये तो इस दिशा में विश्व जनमत और मजबूत हो सकता है। पत्रकार युद्ध का सच बताने के साथ-साथ अगर बुद्ध के सच को भी उजागर करें तो यह समूची मानवता के लिये एक कल्याणकारी ऋषिकर्म होगा। संयोग से आज बुद्ध पूर्णिमा भी है, इसके लिए आप सबको बधाई!



इस मंच से उल्लेख जरूरी है कि जिस नारी के महत्व, जिस नारी की शक्ति को आज विश्वभर में पहचान मिलने लगी है। जिस नारी का वंदन करते हुए हमारी देश-प्रदेश की सरकारें 33 प्रतिशत का आरक्षण देने का प्रयास और प्रचार कर रही हैं, उस नारी की शक्ति को, उसके महत्व को ब्रह्माकुमारी मिशन के संस्थापक ब्रह्मतुल्य प्रजापिता ने कई दशक पूर्व आंक लिया था। आपकी इस संस्था में 35 या पचास नहीं, बल्कि शत-प्रतिशत आरक्षण नारी शक्ति के लिये कब का हो चुका। आपके प्रणेता जी ने भारतीय संस्कृति के संदेश : 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' को पहले ही आत्मसात? कर लिया।

शांतिप्रिय बंधुओ, बहनो और भाइयो, इस मंच से मुझे यह बताते हुए भी गर्व का अनुभव हो रहा है कि 'द ट्रिब्यून ट्रस्ट पब्लिकेशन' की हमारी संस्था में भी उच्च पदों पर नारी शक्ति का वर्चस्व है। द ट्रिब्यून की प्रधान संपादक, पंजाबी ट्रिब्यून की संपादक, दैनिक ट्रिब्यून की समाचार संपादक, चंडीगढ़, शिमला और दिल्ली ब्यूरो की प्रमुख के अलावा मानव संसाधन (एचआर) विभाग की प्रमुख भी बहन ही हैं। ट्रिब्यून संस्थान और ब्रह्माकुमारी विवि के मिशन में कई समानताएं भी हैं। ट्रिब्यून की स्थापना करीब 145 साल पहले तत्कालीन अविभाजित भारत के लाहौर में हुई थी और ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थापना करीब सौ साल पहले कराची में हुई थी। ट्रिब्यून संस्थान वर्ष 1881 से स्वतंत्रता आंदोलन, जनजागरण, सामाजिक सद्भाव और शांति फैलाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

तो चलिये विश्व शांति और इसमें मीडिया की भूमिका विषय पर फिर लौटते हैं। परिवारों से लेकर समाज तक और समाज से लेकर विश्व तक को शांति की माला में पिरोने के लिये निश्चय ही मीडिया अहम भूमिका निभा सकता है, विश्व शांति के लिये जनमत तैयार कर सकता है और इस तरह जागरूक हुआ जनमत दुनिया के नीति-नियंताओं से यह सवाल कर सकता है कि आखिर शांति के लिये बनाये गये संगठन अपना फर्ज अदा क्यों नहीं कर पा रहे। कौन सी शक्तियां हैं, जो इन संस्थानों को पंगु बना रही हैं। दुनिया के मठाधीशों से पूछा जाना चाहिये कि वैश्विक भाईचारा और विश्व शांति के उद्देश्य से बनाये गये संगठनों, मसलन- संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष, जी-ट्वेंटी, जी-सेवन, ब्रिक्स और क्वाड के होते हुए अमेरिका, रूस जैसी महाशक्तियां, इस्राइल और आतंकी शक्तियां मानवता को रौंदने पर क्यों तुली हैं?

अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक सक्रिय मीडिया के मेरे साथियों, उठाओ अपना गांडीव रूपी कलम का अस्त्र, दागो। अरे विश्व शांति के मसीहा का ढोंग रचने वाले महाशक्तिमानो, आप किस हैसियत से नोबेल शांति पुरस्कार पाने की जुगतें भिड़ा रहे हैं। मीडिया के शक्तिमानो जतला दो उन्हें कि कभी न कभी शांति का उजाला उनके झूठ के अंधकार को अवश्य निगल जायेगा। ऐसे हथियार विक्रेताओं को एक शायर की यह आवाज सुना दो :-

'तिरे चराग़ अलग हों मिरे चराग़ अलग, मगर उजाला तो फिर भी जुदा नहीं होता।'

मीडिया के मेरे दोस्तो, यह सच्चाई हमें माननी पड़ेगी कि सूचना की गति भले तेज हुई है, मगर संवेदना की गहराई कम हो रही है। मानवता के कल्याण के लिये हमें भी ब्रह्माकुमारी मिशनरियों की भांति शांति दूत की भूमिका निभानी होगी। मीडिया समाज का दर्पण ही नहीं बल्कि उसका मार्गदर्शक भी है। मीडिया की ताकत पर किसी शायर ने ठीक ही कहा है :-

लफ्जों से ही बनते हैं रिश्तों के कारवां, मीडिया चाहे तो जोड़ दे जहां।

इसलिए आज पीत पत्रकारिता की नहीं, बल्कि पीस पत्रकारिता की जरूरत है। युद्ध की तस्वीरें जरूरी हैं, मगर शांति-वार्ता की मेज की तस्वीरें उससे भी ज्यादा जरूरी हैं। महात्मा गांधी, बुद्ध, दादी प्रकाशमणि जी जैसे शांति दूतों के संदेश भी मीडिया की सुर्खियां बनें। याद रखिये, सरहदें नहीं रोक सकतीं संवेदनाओं का सैलाब। देश, धर्म, जाति चाहे अलग-अलग हों, दर्द सबका एक सा है। आंसू सबके एक से हैं। खून सबका एक सा है।


ब्रह्माकुमारी दीदी अक्सर कहती हैं, 'विचारों' से संसार बनता है। मीडिया विचारों का सबसे बड़ा माध्यम है। यदि मीडिया ठान ले तो चौबीस घंटे में पूरी दुनिया की सोच बदल सकता है। ब्रह?माकुमारी मिशन हमें सिखाता है कि शांति बाहर नहीं, भीतर से शुरू होती है। वैश्विक शांति के लिये मीडिया को संक्षेप में ये चार सूत्र देते हुए अपने विचारों को विराम देता हूं। एक- संवाद को संघर्ष पर प्राथमिकता दें। दो- संवेदनशील मुद्दों को संतुलित दृष्टिकोण से प्रस्तुत करें। तीन- सकारात्मक न्यूज़ स्टोरीज को प्रमुखता दें और अंत में चार- आध्यात्मिक मूल्यों करुणा, सहिष्णुता और मानवता को मंच प्रदान करें। ओम शांति।

# शिक्षकों के बिना शिक्षा, करीब दस लाख पद खाली

यह निराशाजनक है कि राज्यों में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति को फिर से चिंता जतानी पड़ी। इस समिति ने पिछले वर्ष भी स्कूली शिक्षकों के खाली पड़े पदों पर चिंता जताते हुए उन्हें इस वर्ष मार्च तक भरने की आवश्यकता पर बल दिया था, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया और इसीलिए अब इस समिति ने शिक्षकों के खाली पद भरने में देरी करने वाले राज्यों की वित्तीय मदद रोकने का सुझाव दिया है। समिति के अनुसार जब तक राज्य शिक्षकों के खाली पद नहीं भरते, तब तक उन्हें समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय मदद न दी जाए।

यदि ऐसा किया जाता है तो यह भी संभव है कि राज्य वित्तीय सहायता के अभाव में रिक्त शिक्षकों के पद भरने में और अधिक सुस्ती दिखाएं। यह ध्यान रहे कि संसदीय समिति की तरह से शिक्षा मंत्रालय भी राज्यों से शिक्षकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने का आग्रह कर चुका है, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। यह सामान्य बात नहीं कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शिक्षकों के करीब दस लाख पद खाली पड़े हैं। इनमें लगभग साढ़े सात लाख पद प्राथमिक शिक्षकों के है। इसका अर्थ है कि शिक्षा की बुनियाद ही कमजोर की जा रही है। यह एक विडंबना ही है कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने में पिछले कई वर्षों से ढिलाई बरती जा रही है। यह ढिलाई यही बताती है कि राज्य सरकारें स्कूली शिक्षा की दशा-दिशा सुधारने के प्रति गंभीर नहीं। उनकी इस अगंभीरता का परिचय उन सर्वेक्षणों से मिलता है, जो प्राथमिक शिक्षा की दयनीय दशा को रेखांकित करते रहते हैं। ये सर्वेक्षण यह बताते रहे हैं कि किस तरह चौथी-पांचवीं के छात्रों को सामान्य जोड़-घटाव करने में कठिनाई होती है या फिर वे दो-तीन वाक्य भी सही तरह नहीं लिख पाते।

यह ठीक नहीं कि राज्य सरकारें समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूली शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय मदद तो लें, पर शिक्षकों के रिक्त पद भरने में आनाकानी करें। यह विचित्र है कि जो काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, वही एजेंडे से बाहर दिखता है। इसका प्रमाण यह है कि कुछ राज्यों में कई वर्षों से बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद खाली बने हुए हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में 2.17 लाख पद खाली हैं। बिहार में 1.92 लाख



शिक्षकों के पद रिक्त हैं तो झारखंड में 72 हजार और मध्य प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल में 55-55 हजार। अपेक्षाकृत संपन्न और छोटे राज्य हरियाणा में भी 15 हजार शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। शिक्षकों के खाली पद भरने में कोताही एक तरह से देश की भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ जानबूझकर किया जा रहा खिलवाड़ ही है।

# पर्यावरण संरक्षण राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा बने

भारत में बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन एक गहरी पारिस्थितिकीय समस्या को उजागर करते हैं, जो मानव-निर्मित हैं। विकास योजनाओं और पर्यावरणीय लापरवाही ने प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ दिया है। भारत में मौसम का बदलता मिजाज और वैशाख के महीने में जेठ जैसी तपिश का अहसास होना अब केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि एक गहरे पारिस्थितिक संकट की चेतावनी है। अक्सर भीषण गर्मी और लू के लिए अल नीनो या वैश्विक जलवायु परिवर्तन को दोष देकर हम अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह संकट काफी हद तक मानव-निर्मित है।

आज हम जिस भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं, वह वैश्विक वायुमंडलीय बदलावों और स्थानीय स्तर पर पर्यावरण के प्रति बरती गई नीतिगत लापरवाही का एक मिला-जुला परिणाम है। जब हम अपनी विकास योजनाओं के नाम पर हज़ारों हेक्टेयर प्राथमिक जंगलों, पहाड़ियों और जल निकायों को नष्ट करते हैं, तो हम अनजाने में उन प्राकृतिक 'कूलिंग एजेंटों' को खत्म कर देते हैं जो इस तपिश के खिलाफ हमारी एकमात्र सुरक्षा थे। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां तापमान अब नियमित रूप से 48 डिग्री सेल्सियस के स्तर को छूने लगा है, यह स्पष्ट है कि हमारी विकास की भूख ने धरती के प्राकृतिक थर्मोस्टेट को बिगाड़ दिया है। इस मानव-निर्मित गर्मी की सबसे प्रत्यक्ष और क्रूर मार उन मजदूरों और सड़क किनारे काम करने वाले श्रमिकों पर पड़ती है जो इस ढांचे का निर्माण कर रहे हैं। भारत के करोड़ों निर्माण श्रमिक, रेहड़ी-पटरी वाले और गिग-इकोनॉमी के कर्मचारी इस गर्मी को केवल एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि एक शारीरिक हमले के रूप में महसूस करते हैं।

आंकड़ों के अनुसार, गर्मी के कारण भारत को 2030 तक अपने कुल कामकाजी घंटों का 5.8 प्रतिशत हिस्सा खोना पड़ सकता है, जो लगभग 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर है। बांदा जैसे शहरों में, कंक्रीट और कोलतार की सड़कें गर्मी को सोखकर रात में भी उसे वापस छोड़ती हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव पैदा होता है और स्थानीय तापमान ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 5 डिग्री सेल्सियस से 7 डिग्री सेल्सियस तक अधिक बना रहता है। नीतिगत स्तर पर मजदूरों के लिए 'छाया का अधिकार' या



लू के दौरान काम के घंटों में बदलाव जैसे नियम केवल कागजों तक सीमित हैं, जो हमारे विकास के उस अंधेपन को दर्शाते हैं जहां श्रम को एक जैविक इकाई के बजाय केवल एक मशीन समझा जाता है। गर्मी का यह घातक रूप हमारी खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ रहा है। 'थर्मल शॉक' के कारण गेहूं जैसी प्रमुख फसलों के दाने दूध भरने की अवस्था में ही सूख रहे हैं, जिससे पैदावार में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की जा रही है।

# चालीस साल से रहे है लोगों की जमीन का पट्टा किसी और के नाम देने का मामला

## तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी पर लगाए आरोपी

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** पपुरना ग्राम पंचायत में करीब चालीस साल से रहे है लोगों की जमीन का पट्टा किसी और के नाम देने का मामला सामने आया है। पपुरना के वार्ड नंबर तीन पुरानी पानी टंकी के पास रहने वालों ने रविवार को पपुरना प्रशासक बिमली देवी से अवैध पट्टे जारी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। पपुरना ग्राम पंचायत की सरपंच बिमला देवी ने मामले को लेकर महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक विभाग राजस्थान जयपुर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद झुंझुनू, जिला कलेक्टर झुंझुनू, जिला पुलिस अधीक्षक झुंझुनू को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत पपुरना में हुये फर्जी पट्टा प्रकरण की जांच करवा कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। रहमत बानो, उल्फत बानो, माफिया बानो, नजमा बानो ने बताया कि तीन पीढ़ियों से वह व उनका परिवार यही रह रहा है, बिजली, पानी, राशन कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में भी वहीं का पता दर्ज है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी जगह के पट्टे किसी और के नाम पर चढ़ गए है जबकी वह तीन पीढ़ियों से रह रहे है। इस संबंध में पपुरना प्रशासक बिमला देवी ने पत्र के मार्फत बताया कि ग्राम पंचायत में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी जो 23 सितंबर से 2021 से 12 जून 2025 तक पदस्थापित रहा है। पदस्थापन के दौरान उक्त ग्राम विकास अधिकारी ने करीब 35-40 पट्टे ग्राम पंचायत में जारी किए। इस संबंध में 10 अप्रैल 2026 को ग्रामणों ने अवगत करवाया, ग्राम पंचायत तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी ने कुछ भूमि माफियाओं से मिलकर बुक संख्या 17 में पट्टा सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर व मोहर लगाकर शैलेन्द्र कुमार के नाम से 6 पट्टे, अमित कुमार के नाम से 5 पट्टे, वसीम कुरैशी के नाम तीन पट्टे तथा इसी पट्टा बुक में से ग्राम पंचायत के बाहर के लोगों को भी पट्टे जारी कर दिए। तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी ने करीब 35 पट्टे जारी किए गए हैं, उक्त सभी पट्टों में हस्ताक्षर व मोहर फर्जी है। उक्त पट्टों का रिकॉर्ड ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड में कहीं भी दर्ज नहीं है, साथ ही जिनके नाम पर पट्टे जारी हुए उनकों लेकर पट्टा जारी करने के लिए ग्रामसभा में प्रस्ताव लिया जाता है उसमें भी कहीं कोई उल्लेख नहीं है। पत्र के मार्फत अवगत करवाया कि उक्त लोंगों को जो पट्टे जारी किए गए हैं, वह ग्राम पंचायत की कीमती आबादी भूमि है। इसमें ग्राम पंचायत के कई पौराणिक मंदिर भी स्थित है तथा मंदिर क्षेत्र की भी उक्त भूमि के आस पास कई परिवार तीन तीन पीढ़ियों से मकान बना कर रह रहे है, लेकिन उनके मकानों के भी दूसरों के नाम पर पट्टे जारी कर दिए गए हैं। उक्त सभी सभी फर्जी पट्टो का उपपंजीयक उप तहसील बबाई में भी मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर पंजीयन करवा लिया है। इस संबंध में प्रशासक बिमला देवी ने बताया कि तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी ने अपने चेहतों को फायदा देने व भू-माफियाओं से मिल कर फर्जी हस्ताक्षर व मोहर लगा कर पट्टे जारी कर दिए लेकिन पट्टों का रिकॉर्ड ग्राम पंचायत उक्त पट्टो का कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। बिमला देवी ने बताया कि उक्त पट्टों की सत्य प्रतिलिपि उप पंजीयक कार्यालय बबाई से प्राप्त कर ली है। बिमला देवी ने कहा की तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी ने भू माफियाओं से मिल कर गरीबों की जमीन पर कब्जा करने की नियत से फर्जी तरीके से पट्टे आवंटित किए गए है। पट्टों की जांच के लिए सभी विभागों को पत्र लिखा गया है। इस मौके पर समाजसेवी संजय देव गुर्जर, उपसरपंच अंजनी गुप्ता, इकबाल कुरैशी, जाकिब हुसैन, नजमा बानो, सराजुद्दीन, धर्मपाल, राजेंद्र सिंह निर्वाण, पुरुषोत्तम जांगिड़, दिलीप जांगिड़, बुलिया गुर्जर, राजकुमार, धर्मपाल पहलवान सहित आदि ग्रामीणों ने फर्जी पट्टे जारी करने वालों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्यवाही करने की मांग की।



# नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में खुशखबरी

## मादा बाघ चमेली ने शावक को दिया जन्म

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के नाहरगढ़ जैविक उद्यान (बायोलॉजिकल पार्क) से वन्यजीव प्रेमियों के लिए खुशखबरी आई है। यहाँ महाराष्ट्र से लाई गई मादा बाघ चमेली ने रविवार को एक शावक को जन्म दिया है। नए मेहमान के आगमन के साथ ही उद्यान प्रशासन ने सुरक्षा और मॉनिटरिंग के कड़े इंतजाम किए हैं। उपवन संरक्षक वन्यजीव चिड़ियाघर ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि नर बाघ गुलाब और मादा बाघ चमेली को 6 अगस्त 2024 को गोरेवाड़ा महाराष्ट्र से नाहरगढ़ जैविक उद्यान लाया गया था। इसके बाद जनवरी माह के प्रथम पखवाड़े में दोनों के बीच मैटिंग हुई थी। रविवार को चमेली ने अपने पहले शावक को जन्म दिया। जिससे पार्क में बाघों का कुनबा बढ़ गया है। शर्मा ने बताया कि शावक और मादा बाघ दोनों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नाहरगढ़ जैविक उद्यान में पदस्थापित वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ अरविंद कुमार माथुर द्वारा उनकी सतत निगरानी की जा रही है। वहीं क्षेत्रीय वन अधिकारी शुभम शर्मा ने सुरक्षा और देखभाल के लिए विशेष टीम तैनात की है। मादा बाघ चमेली और उसके शावक की 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए तीन कार्मिकों की ड्यूटी राउंड द क्लॉक लगाई गई है। ताकि किसी भी स्थिति में तत्काल सहायता सुनिश्चित की जा सके।

# स्मृति वन व मारू पार्क में कचरा संग्रहण अभियान आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** विश्व हास्य दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं नगर परिषद सीकर द्वारा अनूठे अंदाज में स्वच्छता और खुशहाली का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शहर के स्मृति वन एवं मारू पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक की थैलियों, बोतलों एवं अन्य कचरे का संग्रहण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन ने मिलकर पार्कों में सफाई की और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

अभियान के तहत लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए इसके कम से कम इस्तेमाल का संदेश दिया गया। इस मौके पर नगर परिषद सीकर के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हंसी केवल मन को प्रसन्न ही नहीं करती बल्कि सकारात्मक ऊर्जा भी देती है। यदि हम स्वच्छ वातावरण में रहेंगे, तो हमारा मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वच्छता और खुशहाली एक-दूसरे के पूरक हैं। हमें दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम कर स्वच्छ शहर के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल शहर को स्वच्छ बनाने में सहायक हैं, बल्कि समाज में जागरूकता लाने का भी सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने एवं प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# ऑपरेशन शिकंजा अभियान, 18 इनामी सहित कई बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पूर्व पुलिस जिला की ओर से अपराधियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान ऑपरेशन शिकंजा के तहत कार्रवाई करते हुए 18 इनामी अपराधियों सहित टॉप-10 बदमाशों और सैकड़ों वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि एक महिने तक चले इस अभियान में हत्या, लूट और डकैती जैसे संगीन मामलों में वांछित अपराधियों को पकड़ने पर विशेष जोर दिया गया। इस अभियान के दौरान कुल 18 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 2 विशेष प्रकरणों में तथा 16 अन्य वारंटों में वांछित थे।

इसके अलावा 33 अपराधी टॉप-10 सूची में शामिल रहे। पुलिस ने 301 स्थाई वारंट और 302 गिरफ्तारी वारंटों का निस्तारण करते हुए वांछितों को गिरफ्तार किया। वहीं आर्म्स एक्ट के तहत 7 प्रकरण दर्ज कर 8 आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 3 पिस्टल, 1 रिवॉल्वर, 2 देशी कट्टे और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस अभियान के दौरान हत्या के मामले में कोटा निवासी वीरेंद्र लोधी को गिरफ्तार किया गया। हत्या के प्रयास में अक्षय कश्यप, अजय मीणा उर्फ सोनू, दिलराज, सुरेश कश्यप एवं हीरा देवी को दबोचा गया। इसके अलावा लूट के मामलों में गजेन्द्र सिंह सिकरवार, भीमा गुर्जर, राज सिंह, विनोद चौधरी, विशाल उर्फ बिस्सु, शालू, सुनील एवं सोहेल कुरैशी को गिरफ्तार किया गया।

वहीं आर्म्स एक्ट के तहत राहुल घुरैया, गौरव उर्फ टोना, दिलीप कलवाणी, श्योजी राम मीना, राजू लगड़ा, हंसराज वर्मा एवं हरिशंकर को पकड़ा गया। इसके अलावा अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई में राहुल घुरैया, विवेक शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, शिवनारायण, हनुमान मीणा, राज सिकरवार, ओमप्रकाश उर्फ ओमी बना और राज अहीरवाल जैसे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस पूरे अभियान का सुपरविजन अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक सिंघल ने किया। कार्रवाई को सफल बनाने के लिए समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, थानाधिकारी, डीएसटी और साइबर सेल की विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी और संगठित अपराधों को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में भारी बढ़ोतरी से व्यापारी वर्ग में रोष

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होते ही कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में करीब 993 रुपये की भारी बढ़ोतरी ने बाजार में हलचल मचा दी है। इस फैसले का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है, वहीं व्यापारी वर्ग में भी गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। गैस कीमतों में अचानक आए इस उछाल से चाय विक्रेता, स्ट्रीट वेंडर, मिठाई कारोबारी, कैटरिंग सर्विस और छोटे उद्योग सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। गैस पर निर्भर टेक्सटाइल उद्योग और अन्य लघु एवं मध्यम उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ने से कई इकाइयां संकट में आ गई हैं। कुछ



छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडर्स ने तो अपना काम बंद करने तक का निर्णय ले लिया है। व्यापारियों का कहना है कि पहले ही कमर्शियल गैस की उपलब्धता को लेकर पाबंदियां और दिक्कतें बनी हुई थी, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिला। अब कीमतों में बढ़ोतरी के बाद ब्लैक में सिलेंडर और महंगा मिलने लगा है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। दो महीने पहले कमर्शियल सिलेंडर पर लगी पाबंदियों के चलते घरेलू गैस सिलेंडर की मांग में भी अचानक इजाफा हुआ था, जिससे बाजार में मारामारी की स्थिति बन गई थी। जयपुर कैटरिंग डीलर्स समिति के अध्यक्ष मनोज सेवानी और उपाध्यक्ष राजीव सिंह हाड़ा सहित दौलत सिंह सोलंकी, हेमचंद श्रीमाल, विष्णु सेन, मनमोहन शर्मा, संजय पंडित और आशुतोष शर्मा ने बताया कि गैस के दाम बढ़ने से लागत में भारी वृद्धि हुई है।

ऐसे में व्यापारी अपने नुकसान की भरपाई के लिए उत्पादों के दाम बढ़ाने को मजबूर होंगे। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो इसका सीधा बोझ आम जनता पर पड़ेगा और महंगाई का दबाव और अधिक बढ़ेगा। फिलहाल बाजार में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है और सभी की नजर सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# निःशुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में रविवार को गोविंददेव जी मंदिर प्रांगण में निःशुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में आयोजित इस यज्ञ में चार पारियों के दौरान ढाई सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की भावना से यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित की। पूरा वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा के निर्देशन में हुआ। आचार्य पीठ से डॉ राजकुमार सातनकर एवं तुलाराम ने विधि-विधान से यज्ञ सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर डॉ सातनकर ने कहा कि यज्ञ केवल कर्मकांड नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। यज्ञ में अर्पित सामग्री सूक्ष्म रूप में परिवर्तित होकर वातावरण में फैलती है, जिससे पर्यावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि जहां नियमित रूप से हवन होता है, वहां एक प्रकार का सुरक्षा कवच बनता है जो नकारात्मक शक्तियों से रक्षा करता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में नित्य हवन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। उन्होंने अपने समय, साधन, श्रम, ज्ञान, प्रभाव धन का एक अंश नियमित रूप से जरूरतमंद लोगों के लिए लगाने का आह्वान किया। यज्ञ के दौरान युग निर्माण सत्संकल्प का सामूहिक पाठ भी कराया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने समाज और राष्ट्र के उत्थान का संकल्प लिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि दो बच्चों के जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुरूप यज्ञ के साथ मनाए गए। बच्चों द्वारा पंचतत्व पूजन किया गया और उपस्थित जनों ने पुष्प वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी की ओर से साहित्य स्टॉल भी लगाई गई। जहां श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ देखने को मिली। डिजिटल युग के बावजूद लोगों ने जीवनोपयोगी पुस्तकों में रुचि दिखाई। विशेष रूप से बच्चों के लिए बाल निर्माण की कहानी पुस्तकें लागत मूल्य पर उपलब्ध कराई गई, जिन्हें बड़ी संख्या में खरीदा गया।

गायत्री मंत्र से संबंधित साहित्य, तांबे के पत्र, मंत्र स्टिकर आदि भी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम की पूर्णाहुति पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाने तथा उनमें नियमित जल भरने का प्रण लिया। साथ ही कई लोगों ने प्रतिदिन 15 मिनट गायत्री महामंत्र जप कर विश्व कल्याण की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# पक्षियों के लिए परिंडे लगाए और जरूरतमंद बच्चों को बाटी सामग्री

निसं

जयपुर (नवयत्न)। भारत की पावरफुल नारी ग्रुप एवं स्पिरिचुअल वर्ल्ड फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से रविवार को एक प्रेरणादायक सोशल अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और सेवा भाव को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के तहत सिटी पार्क में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए 50 से अधिक परिंडे लगाए गए ताकि पक्षियों को पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ ही स्कूलम एनजीओ के अंतर्गत पढ़ने वाले करीब 70 से 80 जरूरतमंद बच्चों के लिए क्रॉक्स और चप्पलों की व्यवस्था की गई। बच्चों को प्रोत्साहित करने और खुशी देने के लिए चॉकलेट, जूस, फरूट जूस, बिस्किट्स और चिप्स आदि का भी वितरण किया गया। भारत की पावरफुल नारी ग्रुप की ओर से स्कूलम एनजीओ की डायरेक्टर मालविका अग्रवाल का विशेष आभार व्यक्त किया गया,



जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो सका। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर स्पिरिचुअल वर्ल्ड फाउंडेशन की डायरेक्टर श्वेता जैन ने सभी सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार जताया। वहीं केके सालवी ने बताया कि आयोजन में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में पूनम खंगारोत, प्रिया मोदी, रेनू जिंदल, श्वेता जैन, नीतू जैन, लविना जसवानी, प्रियल टाक, अंजू यादव, शिवानी सक्सेना, रुचि कपूर, प्रीति शर्मा, नंदिनी गुप्ता, निशा बंसल, कुसुम गुप्ता, मोनिका गरसा, नीतू अरोड़ा, मीना अरोड़ा, रेखा राज एवं दिव्या शर्मा सहित अनेक सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

# जेसीबी की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर ग्रामीण जिले के मौजमाबाद थाना इलाके में तेज रफ्तार जेसीबी ने बाइक सवार पिता-पुत्री को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पिता समेत छह वर्षीय पुत्री की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। वहीं हादसे के बाद जेसीबी चालक अपने वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर जेबीसी चालक की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में झाग-बगरु मार्ग पर तेज रफ्तार जेसीबी ने बाइक सवार मुकेश को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक असंतुलित हो गई और मुकेश अपनी छह वर्षीय पुत्री के साथ सड़क पर गिर गए और गंभीर रुप से घायल हो गए। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों को घायल सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनो का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने जेसीबी चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# दिशा की बैठक 12 मई को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 12 मई को अपराह्न 3 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में अमराराम, सांसद सीकर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अर्जित प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# क्विज प्रतियोगिता में एपीजे अब्दुल कलाम ने मारी बाजी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** एमईएएम यंग सिटीजन ऑफ इंडिया सीजन 3 के क्विज प्रतियोगिता सुफ़्फाह एकेडमी स्कूल चीनी की बुर्ज में आयोजित की गई। एमईएएम टीम का बुके देकर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत तिलावत ए कुरआन से हुई। 5 टीम बनाई गई।

शेर ए मैसूर, अल्लामा इकबाल, मो अली जौहर, फातिमा शेख और एपीजे अब्दुल कलाम टीम बनाई गई। एपीजे अब्दुल कलाम ने बाजी मारी, दूसरे स्थान पर शेर ए मैसूर और तीसरे स्थान पर मो अली जौहर रही। क्विज प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने कड़ी टक्कर दी। दो टीमों के बीच टाई भी रहा। क्विज में सामान्य ज्ञान के



सभी सवाल एमईएएम यंग सिटीजन ऑफ इंडिया की महासचिव सारा इस्माईल ने किए। उन्होंने कहा सुफ़्फाह एकेडमी स्कूल का माहौल बहुत ही पॉजिटिव वाइव्स वाला मिला टीचर्स भी काफी मेहनत करती नजर आई बच्चे अनुशासन में रहे। उन्होंने बच्चों से कहा कि क्विज प्रतियोगिता सिर्फ आप लोगों में जो डर रहता है उसे दूर करने होता है साथ ही इतिहास से संबंधित सवाल जो कि अभी की जनरेशन को मालूम नहीं है वो याद करना। साथ ही पर्सनेलिटी डेवलप करना है। उन्होंने कहा आज की जनरेशन अपने टारगेट को भूल कर किसी ओर पर ध्यान देने लगती है जिससे वो कामयाब नहीं हो पाते है इसीलिए अपने गोल को न भूले तब ही कामयाबी हासिल कर सकते है। स्कूल के डायरेक्टर अब्दुल रऊफ साइंटिस्ट ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को सही रास्ता दिखाना जरूरी है जो चीज भुलाई गई उसे भी याद रखना जरूरी है। उन्होंने कहा जो भी बने उसे अपना गोल बनाए फिर तैयारी करे कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने एमईएएम यंग सिटीजन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित करवाई जा रही प्रतियोगिता की तारीफ की ओर कहा एक अच्छी सोच लेकर चल रहे है। जो कि आज के दौर में बेहद जरूरी है।

विजेता टीम की गिफ्ट के साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। बच्चों ने स्कूल की ओर से एमईएएम टीम को मोमेंटो पेश किया।

# नवनियुक्त मध्यस्थों के लिए एक दिवसीय रोल प्ले प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** मध्यस्थता एवं कॉन्सिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी, सुप्रीम कोर्ट तथा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर की अध्यक्ष रूपा गुप्ता के निर्देशन में जिला न्यायालय, सीकर के कॉफ्रेंस हॉल में नवनियुक्त मध्यस्थों के लिए एक दिवसीय रोल प्ले प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षक मध्यस्थ बालकृष्ण गोयल एवं नीरज कुमार भारद्वाज न्यायिक अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर



प्रशिक्षक मध्यस्थों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। जज इंचार्ज, मध्यस्थता वीरेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 55 नवनियुक्त मध्यस्थों 47 अधिवक्ता एवं 8 सेवानिवृत्त, सेवारत अधिकारीगण, के कौशल का विकास करना तथा उन्हें मध्यस्थता की नवीन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में मध्यस्थता के सिद्धांतों, प्रायोगिक अभ्यास एवं तकनीकी विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मध्यस्थता की महत्ता तथा कानूनी विवादों को आपसी समझ और सहमति से सुलझाने के कौशल पर विशेष जोर दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शालिनी गोयल ने सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सीकर विकास कुमार स्वामी भी उपस्थित रहे।

# ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए ट्राई करें बेसन के ये फेस पैक, मिलेगी खूबसूरत त्वचा

बेसन त्वचा की कई समस्याओं को दूर कर सकता है। आप ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए बेसन के ये 3 फेस पैक ट्राई कर सकते हैं। ऑयली स्किन की देखभाल करना काफी मुश्किल होता है। जिन लोगों की ऑयली स्किन होती है, उन्हें अक्सर कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। तैलीय त्वचा पर मुंहासे, ब्लैकहेड्स और पिंपल्स की समस्या ज्यादा होती है। ऐसे में, ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए कुछ लोग महंगे फेस वॉश यूज करते हैं, तो कुछ लोग फेस पैक लगाते हैं। लेकिन इनसे भी चेहरे का चिपचिपापन खत्म नहीं हो पाता है। ऐसे में आप ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए बेसन का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी हां, ऑयली स्किन वाले के लिए बेसन बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। दही लगाने से चेहरे का अतिरक्ति तेल सोखने में मदद मलिती है। इसके साथ ही, बेसन में एंटी-इन्फ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं, जो त्वचा को कई लाभ प्रदान करते हैं। बेसन त्वचा के कील-मुंहासों और दाग-धब्बों को भी दूर करता है। चेहरे पर बेसन लगाने से त्वचा की रंगत में निखार आता है।



## बेसन और हल्दी का फेस पैक

बेसन और हल्दी का फेस पैक ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। त्वचा पर हल्दी का प्रयोग करने से मुंहासों और ब्लैकहेड्स की समस्या दूर होती है। हल्दी त्वचा की सूजन को दूर करने में भी लाभकारी होती है। ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए आप बेसन और हल्दी को मिक्स करके लगा सकते हैं। इसके लिए आप दो चम्मच बेसन लें। इसमें चुटकीभर हल्दी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट के बाद साफ पानी से धो दें।

## बेसन और दही का फेस पैक

त्वचा के लिए दही बहुत फायदेमंद होता है। दही में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को संक्रमण से बचाते हैं। दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, जो त्वचा की रंगत को सुधारने में मदद करता है। बेसन और दही का फेस पैक लगाने से त्वचा पर अतिरिक्त तेल के उत्पादन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही, यह मुंहासों और दाग-धब्बों को भी साफ करता है। इसके लिए आप एक कटोरी में दो चम्मच बेसन लें। इसमें दो चम्मच दही मिलाएं और पेस्ट तैयार कर लें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को पानी से धो लें।

## बेसन और नींबू का फेस पैक

नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है। नींबू के इस्तेमाल से डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद मिलती है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो आप बेसन और नींबू का फेस पैक लगा सकते हैं। यह त्वचा के चिपचिपेपन को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, इसे लगाने से चेहरे के मुहांसों और ब्लैकहेड्स से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप दो चम्मच बेसन में एक चम्मच नींबू का रस मिला लें। इसमें थोड़ा सा पानी मिलाएं और गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस फेस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद पानी से धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में 2-3 बार कर सकते हैं। इससे आपको फ्रेश और ग्लोइंग स्किन मिलेगी।

# पुरूषों में आयरन की कमी को दूर करने के लिए ये उपाय

आमतौर पर, यह माना जाता है कि आयरन की कमी महिलाओं में ही होती है। यकीनन प्रसव के बाद होने वाली ब्लीडिंग और आहार में पोषक तत्व की कमी के कारण महिलाओं में यह समस्या होती है। लेकिन पुरुष भी इस समस्या से अनछुए नहीं हैं। ऐसे कई पुरुष होते हैं, जिन्हें आयरन की कमी की समस्या का सामना करना पड़ता है। लेकिन उन्हें इसका पता ही नहीं चलता।




### आयरन की कमी के लक्षण

- हमेशा थका हुआ और कमजोर महसूस करना।
- सांस फूलना।
- कमजोर याददाश्त व ध्यान एकाग्र करने में समस्या होना।
- काम पर प्रदर्शन में गिरावट आना।
- बार-बार संक्रमण होना।
- कामेच्छा में कमी (सेक्स ड्राइव)।

### आयरन की कमी के कारण है

- पर्याप्त मात्रा में आयरन रिच फूड ना खाने से समस्या हो सकती है। आपका शरीर आयरन को स्टोर कर सकता है लेकिन इसे बना नहीं सकता। इसलिए अगर आहार में आयरन कम होता है तो इससे शरीर में आयरन की कमी हो सकती है।
- कई बार आयरन रिच फूड लेने के बाद भी उसे शरीर में अवशोषित करने में परेशानी होती है। गलत फूड कॉम्बिनेशन या फिर कुछ स्वास्थ्य स्थितियों के कारण शरीर आयरन को अब्जॉर्ब नहीं कर पाता है।
- कभी गंभीर चोट लग जाने के कारण अगर बहुत अधिक रक्त बह जाता है, तो भी शरीर में आयरन कम हो जाता है।

### आयरन की कमी का इलाज करना

- आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ अधिक खाएं।
- आयरन को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में आपकी मदद करने के लिए विटामिन सी युक्त अधिक खाद्य पदार्थ खाएं।
- आयरन के साथ कैल्शियम रिच फूड ना खाएं। इससे शरीर में आयरन अवशोषित नहीं हो पाता है।
- शरीर में आयरन की कमी हो दूर करने के लिए डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट्स या लिक्विड का इस्तेमाल करें।
- यदि आप आयरन सप्लीमेंट लेते हैं, तो आपको उन्हें कई महीनों तक और संभवत: अधिक समय तक लेने की आवश्यकता होगी। इसलिए, डॉक्टर से इस विषय में विस्तृत चर्चा करें।

# बालों पर इन तरीकों से लगाएं चावल का पानी, बढ़ेगी चमक-खूबसूरती

चावल का सेवन हम सभी करते हैं। जब चावल बनाए जाते हैं, तो पहले इन्हें धोया जाता है। कुछ लोग चावल को थोड़ी देर के लिए भिगोकर भी रखते हैं। फिर इसके पानी को फेंक देते हैं, लेकिन अगर आप इस पानी को फेंकने के बजाय अपने बालों पर अप्लाई करेंगे, तो इससे आपके बालों की खूबसूरती बढ़ेगी। साथ ही बाल चमकदार, मुलायम और घने भी नजर आने लगेंगे। दरअसल, चावल में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। ऐसे में इसके पानी को बालों पर लगाने से कई फायदे मिल सकते हैं।



## भिगोएं हुए चावल का पानी लगाएं

आप चावल को पानी में डालकर अपने बालों पर अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले 2-3 कप चावल लें। इसे अपने 30-45 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब पानी को छान लें और इसे अपने बालों पर लगा लें। आप चाहें तो इससे अपने बालों को धो भी सकते हैं। कुछ दिनों तक लगातार इसे अपने बालों पर लगाएं, इससे आपके बालों की खूबसूरत बढ़ेगी।

## उबले हुए चावल का पानी लगाएं

आप सिर्फ भिगोए हुए चावल का पानी ही नहीं, बल्कि उबले हुए चावल के पानी को भी अपने बालों पर अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप एक बर्तन में पानी और चावल डालें। अब इसे अच्छी तरह से उबालें और फिर छानकर पानी को अलग कर लें। अब इस पानी को थोड़ा ठंडा होने दें और फिर अपने बालों पर लगाएं। इससे आपके बालों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी। साथ ही बालों की ग्रोथ होगी, स्कैल्प भी हेल्दी रहेगा।

## चावल का पानी और एलोवेरा

आप चावल के पानी में एलोवेरा मिक्स करके भी अपने बालों पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप चावल का पानी लें। इसमें एललोवेरा जैल डालें और दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस हेयर मास्क को अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से लगाएं। सप्ताह में 2-3 बार चावल का पानी और एलोवेरा हेयर मास्क लगाने से बालों की शाइन और चमक बढ़ेगी। साथ ही डैंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा।

## चावल का पानी और गुलाब के फूल

आप चाहें तो चावल के पानी में गुलाब के फूलों को मिलाकर भी अपने बालों पर अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप चावल का पानी लें, इसमें कुछ गुलाब के फूल डालें। कुछ देर के लिए इसे ऐसे ही रहने दें और फिर अपने बालों पर लगा लें। आधे घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो लें। इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी। साथ ही बालों की ग्रोथ होगी और बाल मुलायम-खूबसूरत बनेंगे।

# शहद में मिलाकर चेहरे पर लगाएं ये चीजें

शहद का उपयोग सदियों से औषधि के तौर पर किया जाता रहा है। शहद खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। शहद का उपयोग त्वचा और बालों के लिए भी किया जाता है। शहद में विटामिन, अमीनो एसिड, प्रोटीन और मिनरल्स मौजूद होते हैं। इसके अलावा, शहद में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। आप अपनी स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने के लिए शहद का उपयोग कर सकते हैं। शहद त्वचा के कील-मुहांसों को दूर करने, दाग-धब्बों को मिटाने और पिगमेंटेशन को हटाने का काम करता है। चेहरे पर शहद लगाने से त्वचा की रंगत में भी सुधार होता है। शहद में मॉइश्चराइजिंग गुण भी होते हैं, इसलिए आज त्वचा में नमी को लॉक करने में भी मददगार है।



**शहद और दूध :** आप शहद में दूध मिलाकर अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। दूध में लैक्टिक एसिड मौजूद होता है, जो स्किन के दाग-धब्बों को साफ़ करने में बहुत लाभकारी है। शहद और दूध का कॉम्बिनेशन त्वचा के लिए नैचुरल क्लींजर का काम करता है। यह त्वचा को क्लीन और मॉइश्चराइज करने में मदद करता है। इसके लिए आप दो चम्मच शहद में दो चम्मच दूध मिलाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और कुछ मिनट तक सर्कुलर मोशन में मसाज करें। 15 मिनट बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें।

**शहद और केला :** आप अपने चेहरे पर शहद में केला मिलाकर भी लगा सकते हैं। इसके लिए एक पके केले को मैश कर लें। शहद और केले का मिश्रण त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। यह त्वचा के पिंपल्स, झुर्रियों और डार्क स्पॉट्स को दूर करने में मदद करता है। इसे लगाने से त्वचा की रंगत में भी सुधार आता है। इसमें एक चम्मच शहद मिलाएं और इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा लें। 15-20 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में 2-3 बार कर सकते हैं।

**शहद और गुलाब जल :** आप शहद में गुलाब जल मिक्स करके भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। गुलाब जल त्वचा को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ डेड स्किन सेल्स को साफ करता है। इसे लगाने से स्किन से एक्ने, दाग-धब्बे और डार्क स्पॉट्स से भी छुटकारा मिलेगा। इसके लिए आप एक चम्मच शहद में दो चम्मच गुलाब जल मिला लें। फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें। फिर पानी से चेहरा धो लें। इससे आपकी त्वचा में निखार आएगा।

**शहद और दही :** चेहरे पर आप शहद को दही के साथ मिक्स करके भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच शहद को 2 चम्मच दही के साथ मिलाएं। इसका एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। फिर इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। उसके बाद चेहरे को पानी से धो लें। यह स्किन के पिंपल्स, झुर्रियों और टैनिंग से छुटकारा मिल सकता है। इससे स्किन की ड्राईनेस दूर करने में भी मदद मिलेगी। इसके नियमित इस्तेमाल से आपकी त्वचा में नैचुरल ग्लो आएगा।

# रातभर दूध में भिगोकर रखें किशमिश सुबह खाने से मिलेंगे कई फायदे

आपने अक्सर लोगों को दूध के साथ ड्राई फ्रूट्स का सेवन करते देखा होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि दूध के साथ जब आप ड्राई फ्रूट्स का सेवन करते हैं तो यह पचने में आसान हो जाते हैं साथ ही इनकी गुण भी बढ़ जाते हैं। साथ ही आपको दोनों के ही लाभ एक साथ मिल जाते हैं। दूध और किशमिश का सेवन साथ में सेवन भी बहुत आम है। हम में से ज्यादातर लोग इसका सेवन करते हैं। यह कॉम्बिनेशन कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर होता है, साथ ही कई शारीरिक समस्याओं से बचाव और उनसे राहत पाने में मदद करता है। कुछ लोग दूध में डालकर, तो कुछ उबालकर इसका सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, दोनों के स्वास्थ्य लाभों को प्राप्त करने का एक अन्य प्रभावी और कारगर तरीका भी है? जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! आप किशमिश को दूध में 7-8 घंटे भिगोकर भी इसका सेवन कर सकते हैं। पानी में किशमिश भिगोकर तो बहुत से लोग सेवन करते हैं, इसी तरह दूध में भी किशमिश भिगोकर खाई जाती है। दूध कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन डी, बी और कई अन्य जरूर पोषक तत्वों का एक बेहतरीन स्रोत है।

वहीं किशमिश डाइट्री फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक, कॉपर आदि से भरपूर होती है। जब आप किशमिश को दूध में भिगोते हैं, तो इससे उनमें मौजूद एंटी-न्यूट्रिएंट्स नष्ट हो जाते है, साथ ही दूध में मौजूद पोषण भी अवशोषित हो जाता है।



### खून की कमी नहीं होती है

जिन लोगों के शरीर में खून की कमी है, अगर वे रोजाना दूध में भीगी किशमिश खाते हैं, तो इससे खून की कमी जल्द दूर होगी। किशमिश आयरन से भरपूर होती हैं, जिससे इनका सेवन करने रक्त में ऑक्सीजन बढ़ती है और लाल रक्त कोशिकाओं की वृद्धि होती है।

### पेट साफ करने में होती है आसानी

जिन लोगों को सुबह कब्ज की समस्या रहती है और सुबह मल त्याग ठीक से नहीं होता है, अगर वे सुबह दूध में भीगी किशमिश खाते हैं तो उनकी बाउल मूवमेंट में सुधार होगा और पेट अच्छी तरह साफ होगा।

### पेट संबंधी समस्याएं दूर रहेंगी

फाइबर से भरपूर होने की वजह से किशमिश स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है। जिससे आप पेट में गैस, कब्ज, ब्लोटिंग, मतली आदि जैसी समस्याओं की चपेट में नहीं आते हैं।ओ

### ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है

दूध में भीगी किशमिश खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में मदद मिलती है। अगर आप नियमित इसका सेवन करते हैं, तो इससे हृदय रोगों का जोखिम भी कम होता है।

### हड्डियां और मांसपेशियां रहती हैं स्वस्थ

कैल्शियम, प्रोटीन और फाइबर आदि से भरपूर यह कॉम्बिनेशन हड्डियों और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए बहुत जरूरी है। इसके नियमित सेवन से आपको जोडों और मांसपेशियों के दर्द में बहुत लाभ मिलेगा।

# चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए करें इन फेस पैक का इस्तेमाल

चेहरे पर मौजूद अनचाहे बाल महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या होते हैं। अनचाहे बालों की वजह से आपकी खूबसूरती पर भी प्रभाव पड़ता है। चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए लोग तमाम तरह के उपाय अपनाते हैं। आज के समय में मार्केट में भी कई ऐसे प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे जिनका इस्तेमाल करने से चेहरे पर मौजूद अनचाहे बाल हट जाते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स में केमिकल का इस्तेमाल होने के कारण स्किन के लिए बहुत नुकसानदायक माने जाते हैं।

इसके अलावा इन प्रोडक्ट्स की कीमत भी हजारों रूपए में होती है। महिलाएं थ्रेडिंग, वैक्सिंग और फेसिअल हेयर रिमूवल क्रीम आदि की सहायता से चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटवाती हैं। चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए इन चीजों का इस्तेमाल कई बार स्किन के लिए नुकसानदायक हो जाता है। ऐसे में स्किन को गंभीर नुकसान से बचाने के लिए आप कुछ ऐसे फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।



**चने के आटे का फेस पैक :** चने के आटे या बेसन से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर आप चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों से छुटकारा पा सकते हैं। इस मास्क को तैयार करने के लिए सबसे पहले आप आधा कप चने का आटा लें। इसमें एक चम्मच हल्दी पाउडर, एक चम्मच क्रीम, आधा कप दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद चहरे पर अच्छी तरह से इसे अप्लाई करें। लगभग 20 से 30 मिनट लगा रहने दें और फिर सूख जाने पर बालों के उल्टी दिशा में इसे धीरे-धीरे हटाएं। इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

**हल्दी और पपीता पैक :** हल्दी और पपीते से बना फेस मास्क भी चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने में बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए आप सबसे पहले एक चम्मच हल्दी पाउडर लें और इसमें पपीते के कुछ टुकड़ों को मैश करके मिला लें। इस पेस्ट में एलोवेरा जेल भी डाल दें। इसके बाद अनचाहे बालों की जगह पर इसे लगाकर छोड़ दें। इसके बाद इसे उल्टी दिशा में उतार लें। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरे को साफ कर लें।

**मेथी और हरे चने का फेस पैक :** चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए मेथी दानें और हरे चने से बना फेस मास्क बहुत फायदेमंद होता है। मेथी और हरे चने के पाउडर का फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक चम्मच मेथी दाना और 1 चम्मच हरे चने को अच्छी तरह से पीस लें। इसके बाद अच्छे से इसे मिक्स करके पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को बालों की जगह पर लगाकर सूखने के लिए छोड़ दें। सूख जाने के बाद इसे सूती कपडे से उल्टी दिशा में साफ कर लें। चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

# परीक्षा में ज्यादा तनाव में आ जाते हैं बच्चे, एग्जाम स्ट्रेस दूर करने के ये उपाय

परीक्षा का समय बच्चों के लिए सबसे ज्यादा तनाव वाला होता है। कोर्स कंप्लीट करने और बेहतर प्रदर्शन के दबाव में कुछ बच्चे बहुत अधिक प्रेशर लेने लगते हैं। इस कारण से बच्चे अक्सर तनाव का शिकार हो जाते हैं। एग्जाम स्ट्रेस के कारण बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। कुछ बच्चों में एग्जाम का तनाव इतना ज्यादा हावी हो जाता है कि वे पढ़ाई पर भी ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। इसकी वजह से वे परीक्षा में बेहतर परफॉर्म नहीं कर पाते हैं और रिजल्ट खराब आता है। ऐसे में बतौर अभिभावक, आपकी यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने बच्चे को तनाव से दूर रखने में उसकी मदद करें। अगर आपका बच्चा भी परीक्षा के तनाव से जूझ रहा है, तो आप कुछ टिप्स की मदद से उसकी सहायता कर सकते हैं।



**बच्चे पर दबाव न बनाएं :** कई माता-पिता अपने बच्चे पर पढ़ाई के लिए बहुत अधिक दबाव बनाने लगते हैं। लेकिन इस दबाव की वजह से भी बच्चे तनाव का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि आप बच्चे पर पढ़ाई या रिजल्ट को लेकर अत्यधिक दबाव न बनाएं। आपको अपने बच्चे के प्रति विश्वास जाहिर करना चाहिए, ताकि उसे प्रोत्साहन मिल सके।

**घर पर सकारात्मक माहौल बनाएं :** परीक्षा के दौरान बच्चे पहले ही पढ़ाई के लेकर चिंतित रहते हैं। वहीं, घर का माहौल भी कुछ ऐसा होता है, जिससे उनका तनाव बढ़ जाता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप घर पर सकारात्मक माहौल बनाएं। इसके लिए बच्चे से हरदम सिर्फ पढ़ाई की ही बात ही ना करें। उसे पढ़ाई करने के लिए मोटिवेट करें, न कि डाटें।

**बच्चे से बात करें :** अगर आपका बच्चा परीक्षा के कारण तनाव में है, तो उससे बात करें। पेरेंट्स को बच्चे के लिए सपोर्ट सिस्टम की तरह होना चाहिए। अगर आपका बच्चा स्ट्रेस या डरा हुआ है, तो उसे समझाएं कि यह एक बेहद सामान्य सामान्य है। आपको बच्चे से बात करके परीक्षा के तनाव को मैनेज करने में उसकी मदद करनी चाहिए।

**खानपान पर ध्यान दें :** परीक्षा के दौरान अपने बच्चे को स्ट्रेस फ्री रखने के लिए उसके खानपान पर भी विशेष ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि बच्चे की डाइट में ताजी और हरी सब्जियां, फल, ड्राई फ्रूट्स और दूध आदि शामिल हों। पौष्टिक और स्वस्थ आहार लेने से बच्चे को ऊर्जा मिलेगी और उसकी एकाग्रता में भी सुधार होगा।

**ब्रेक लेने के लिए कहें :** पढ़ाई के दौरान ब्रेक भी जरूरी है। लगातार पढ़ाई करने से शरीर और दिमाग थक जाता है। बच्चे को पढ़ाई के बीच में छोटे ब्रेक लेने के लिए कहें। अगर बच्चा एग्जाम में लेकर ज्यादा तनाव में है, तो आप ब्रेक के दौरान उसके साथ म्यूजिक सुन सकते हैं या रिलैक्सेशन एक्टिविटीज कर सकते हैं। इससे उसका मूड फ्रेश रहेगा और स्ट्रेस भी दूर होगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का जन्मदिवस मनाया

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सैनी नवयुवक मंडल के तत्वावधान में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 75वां जन्मदिवस सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हाइवे स्थित भोले ढाबा के सामने गौसेवा करते हुए गायों को हरा चारा खिलाया गया और समाज की ओर से गहलोत के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। मंडल



अध्यक्ष भोलाराम सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज द्वारा इस आयोजन को सेवा और संस्कार के प्रतीक के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत का जीवन जनसेवा और समर्पण का उदाहरण रहा है, जिससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर ऑल इंडिया सैनिक सेवा समाज सैनी समाज के प्रदेश महामंत्री डॉ. वीरेंद्र भाटी मंगल ने अपने संबोधन में कहा कि माली समाज गौरव अशोक गहलोत ने सेवा का माध्यम बनाकर आमजन के हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने उन्हें जनसेवा का पर्याय बताते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में भोलाराम सैनी, इन्द्रजीत सैनी, कमल सैनी, विशाल सैनी, बबलू सैनी, मनोज टाक, सोनू टाक, राहुल टाक, विपिन भाटी, विजय तंवर, कुनाल तंवर, श्रीराम गौड़, सुंदर पाल सिंह सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य के माध्यम से जन्मदिवस को सार्थक बनाया।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम बेड़ में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के भाई जगदीश ठोलिया निवासी शिमला ने पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी बहन संजूदेवी की शादी करीब 17 वर्ष पहले प्रेमाराम निवासी बेड़ के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद से ही आरोपी प्रेमाराम उसकी बहन को लगातार प्रताड़ित करता रहा। रिपोर्ट के अनुसार बीती रात आरोपी ने संजूदेवी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी पड़ोसियों के माध्यम से परिजनों तक पहुंची, जिसके बाद तुरंत पुलिस थाना निम्बी जोधा को सूचित किया गया। घटना के बाद से आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतका के चाचा सुरजाराम ठोलिया ने अपनी भतीजी के पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में निम्बी जोधा थाने में मामला दर्ज करवा दिया गया है। साथ ही परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव को लेने से इनकार किया है। घटना की सूचना मिलने पर आरएलपी नेता रामकरण रेवाड़, ज्ञानाराम मेहरिया, सुभाष ठोलीया एवं बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण अस्पताल में एकत्रित हो गए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है। मामले की जांच थानाधिकारी सिद्धार्थ को सौंपी गई है।

## एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी इस्ताक खान पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी ने पूछताछ में जयपुर सहित राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 100 से अधिक वारदातें करना कबूल किया है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जयपुर शहर में चलाये जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत वांछित अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक और सहायक पुलिस आयुक्त माणक चौक पीयूष कविया के सुपरविजन में थानाधिकारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी इस्ताक खान निवासी सोहना, हरियाणा को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कृष्ण कुमार के अनुसार आरोपी के खिलाफ सुभाष चौक थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज था। आरोपी फिलहाल पुलिस रिमांड पर है, जिससे गिरोह के अन्य सदस्यों और अन्य वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है । जांच में सामने आया है कि यह गिरोह एटीएम बूथ पर मदद के बहाने लोगों के कार्ड बदल लेता था और फिर उनके खातों से पैसे पार कर देता था। आरोपित इस्ताक खान एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ दिल्ली और हरियाणा में कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ग्यारसी लाल, हेड कांस्टेबल दुलीचन्द तकनीकी सहायक, कांस्टेबल अनिल कुमार और श्रीराम शामिल थे।

## पंचायत-निकाय चुनाव टालने पर हाईकोर्ट में 11 मई को सुनवाई

### सरकार के प्रार्थना पत्र पर होगी सुनवाई, चुनाव आयोग ने भी सरकार के तर्कों का किया समर्थन

जयपुर।

प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव टालने के राज्य सरकार के प्रार्थना पत्र पर 11 मई को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। राज्य सरकार ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर करके कहा था कि वर्तमान परिस्थितियों में दिसंबर से पहले चुनाव कराना संभव नहीं है और हर महीने की स्थिति का हवाला देते हुए समय मांगा था। बता दें कि हाईकोर्ट ने सरकार को 15 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन सरकार की ओर से दायर प्रार्थना पत्र में 15 अप्रैल तक चुनाव कराने में असमर्थता जताई गई थी। ऐसे में अब इस मामले पर सुनवाई महत्वपूर्ण हो गई है। वहीं दूसरी ओर पूर्व विधायक संयम लोढ़ा और गिरिराज सिंह देवंदा की अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट 18 मई को सुनवाई करेगा। याचिका में राज्य चुनाव आयोग पर कोर्ट के आदेश की अवमानना करने का आरोप लगाया गया है। वहीं राज्य चुनाव आयोग ने भी हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर करके चुनाव टालने का अनुरोध किया है।

सरकार की ओर से बताया गया था कि अक्टूबर-दिसंबर में कई पंचायत समितियों और जिला परिषदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद चुनाव कराना बेहतर होगा। इससे वन स्टेट-वन इलेक्शन की धारणा को भी बल मिलेगा। प्रार्थना पत्र में सरकार ने कहा था कि कोर्ट के आदेश की पालना के लिए हरसंभव प्रयास किया, लेकिन वर्तमान परिस्थितियां ऐसी हैं कि 15 अप्रैल तक चुनाव कराया जाना संभव नहीं है। सरकार ने ओबीसी आयोग की रिपोर्ट, स्कूल, स्टाफ, ईवीएम सहित अन्य संसाधनों की उपलब्धता का हवाला देकर हाईकोर्ट से चुनाव आगे खिसकाने का अनुरोध किया है। राज्य चुनाव आयोग ने भी हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर करके चुनाव टालने का अनुरोध किया है। अपनी एप्लीकेशन में आयोग ने चुनाव की तिथियां बढ़ाने के सरकारी तर्कों का समर्थन करते हुए कहा है कि ओबीसी रिजर्वेशन के निर्धारण से पहले चुनाव कराना संभव नहीं है।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने खाटूश्यामजी में लगाई धोक

**सीकर।** सीकर जिले के खाटूश्यामजी में रविवार को राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने बाबा श्याम के दरबार में पहुंच कर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा श्याम की चौखट पर माथा टेककर धोक लगाई। डिप्टी सीएम दीया कुनारी ने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में सेवक परिवार के प्रताप सिंह चौहान और नरेंद्र सिंह चौहान ने उपमुख्यमंत्री को श्याम बाबा का बागा ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया शहीद विजेन्द्र सिंह की मूर्ति का अनावरण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी जिले के खंडेला ब्लॉक के समर्थपुरा गांव के कारगिल शहीद विजेंद्र सिंह शेखावत की प्रतिमा का अनावरण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में क्षेत्र की वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

इससे पूर्व सुभाष मील के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने गांव के मुख्य मार्गों से तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश



दिया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, खंडेला विधायक सुभाष मील, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अमर शहीदों को नमन करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया और कहा कि शहीदों का सम्मान देवताओं के समान किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। इस दौरान शहीद विजेंद्र सिंह अमर रहे के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जमवाय माता मंदिर पहुंचकर मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

## अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

### स्प्लेंडर पर बैग में भरकर पिस्टल सप्लाई करने आया युवक गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले की चंदवाजी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 4 ऑटोमेटिक पिस्टल, 5 मैगजीन, 4 देशी कट्टे और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद ने बताया कि यह कार्रवाई जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश द्वारा अवैध आग्नेयास्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। शाहपुरा एएसपी रणवीर सिंह के निर्देशन और जमवारामगढ़ वृत्ताधिकारी रामकिशन विश्नोई के सुपरविजन में चंदवाजी थानाधिकारी प्रशिक्षु आईपीएस नितिन चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। जहां पुलिस को कांस्टेबल रोहिताश बराला से सटीक सूचना मिली थी कि टीएसी पुलिया के नीचे एक व्यक्ति काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर पिट्ठू बैग में हथियार भरकर किसी को डिलीवरी देने का इंतजार कर रहा है। सूचना पर उप निरीक्षक जयप्रकाश मील मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही युवक ने भागने की कोशिश की,



जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान साहिल मीणा के रूप में हुई है। साहिल मूलतः कंचनपुर का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में झोटवाड़ा के पवनपुरी स्थित शंकर विहार कॉलोनी में रह रहा था। तलाशी के दौरान उसके बैग से हथियारों का बड़ा जखीरा मिला, जिसके संबंध में उसके पास कोई लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने हथियारों के साथ तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी साहिल ने बताया कि वह ये हथियार हिंगोटा निवासी अनिल जाट उर्फ पहलवान से लेकर आया था। अनिल के कहने पर ही वह किसी अज्ञात व्यक्ति को इन हथियारों की डिलीवरी देने आया था। पुलिस अब इस गिरोह के मुख्य सरगना और सप्लाई चेन से जुड़े अन्य व्यक्तियों की तलाश में जुट गई है। इस कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस नितिन चौधरी, उप निरीक्षक जयप्रकाश मील और विशेष रूप से कांस्टेबल रोहिताश बराला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सामूहिक परिचय सम्मेलन में 260 युवक-युवतियों ने लिया हिस्सा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सर्व हिन्दू समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का सामूहिक परिचय सम्मेलन रविवार को नारायणगढ़ पैलेस, सुंदर विहार, स्वेज फार्म, सोडाला में आयोजित हुआ। सम्मेलन में 60 युवतियों और 200 युवकों सहित कुल 260 बायोडेटा प्राप्त हुए। अध्यक्ष रमेश चन्द सैनी फरमेवाले ने बताया कि कार्यक्रम में अजमेर, झुन्झुनू, सीकर, गुड़गांव, हरियाणा और टोंक सहित विभिन्न क्षेत्रों से युवक-युवतियों ने भाग लिया। अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ के प्रभारी प्रदेशाध्यक्ष ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे हिन्दू समाज को एकजुट करने की सार्थक पहल बताया। सेवा भारती के कार्यकर्ता प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि यह मंच जातिगत भेदभाव को भुलाकर समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है, जो अत्यंत प्रेरणादायक है। सभा में सब कार्यवाह लेखराज की भी उपस्थिति रही। दीनदयाल खण्डेलवाल, ज्योतिबा फुले बस्ती प्रमुख ने कहा कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से होते रहे तो सामाजिक समस्याओं के समाधान में मदद मिल सकती है। विशिष्ट अतिथि इन्द्रभान चांदवानी ने भी सम्मेलन की सराहना की और अजमेर से आए सिंधी समाज के युवक की भागीदारी को सराहनीय बताया। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष भैरू लाल कुमावत ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जानकारी दी कि जो युवक-युवतियां किसी कारणवश इस बार शामिल नहीं हो सके, उनके लिए 10 मई रविवार को पुनः इसी स्थान पर सामूहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## सुवेंदु अधिकारी बोले- काउंटिंग ड्यूटी की जानकारी लीक हो रही

कोलकाता/नई दिल्ली।

पश्चिम बंगाल में सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि काउंटिंग ड्यूटी पर तैनात कई अधिकारी अपनी ड्यूटी, लोकेशन और पद की जानकारी अपने विभागीय संगठनों और एसोसिएशन को शेयर कर रहे हैं। उन्होंने इसे नियमों के खिलाफ बताया। सुवेंदु ने 𝕏 पर पोस्ट कर वॉट्सएप मैसेज के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए। उन्होंने कहा कि एक स्प्रेडशीट और लिस्ट सर्कुलेट हो रही हैं। इसमें अधिकारी अपनी इलेक्शन ड्यूटी की जानकारी और काउंटिंग में उनकी भूमिका भर रहे हैं। कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में रिजल्ट से एक दिन पहले काउंटिंग सेंटर के बाहर हंगामा हुआ। टीएमसी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बीजेपी के झंडे वाली कार को बिना जांच स्ट्रॉन्गरूम परिसर में एंट्री दी गई। इधर, चुनाव आयोग ने फालता विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 पोलिंग स्टेशनों पर 21 मई को दोबारा मतदान कराने का आदेश दिया है।

## नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह का बड़ा फैसला 1,594 राजनीतिक नियुक्तियां रद्द

नई दिल्ली

नेपाल सरकार का एक फैसला चर्चा में है। शनिवार को राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने एक आदेश जारी किया, जिससे पिछले साल की गईं 1,594 राजनीतिक नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया। द काठमांडू पोस्ट के अनुसार, इस कदम से नेपाल के प्रशासनिक महकमे में उथल-पुथल मच गई है। विश्वविद्यालयों, सरकारी कंपनियों, नियंत्रक इकाइयों, परिषद, बोर्ड्स, रिसर्च इंस्टीट्यूट और मीडिया संगठनों के अधिकारियों को निकाल दिया गया है, जिससे कई संस्थान बिना नेतृत्व के रह गए हैं।

हाल के सालों में सबसे बड़े प्रशासनिक बदलावों में से एक बताया गया, ऑर्डिनेंस ऑन स्पेशल प्रोविजन्स रिलेटिंग टू द रिमूवल ऑफ पब्लिक ऑफिशियल्स फ्रॉम ऑफिस, 2026 का यह प्रावधान कहता है कि 26 मार्च से पहले की गई सभी नियुक्तियां स्वतः समाप्त हो जाएंगी, चाहे उनका समय, फायदे, या नियुक्तियों की शर्तें कुछ भी हों।

दस्तावेजों में कहा गया कि, मौजूदा कानूनों में कहीं और लिखी किसी भी बात के बावजूद, 26 मार्च से पहले तय शेड्यूल के हिसाब से पब्लिक संस्थाओं में नियुक्त और अभी पद पर बैठे सरकारी अधिकारी इस ऑर्डिनेंस के लागू होने पर अपने-आप अपने पदों से हटा दिए जाएंगे। हालांकि, इतने सारे अधिकारियों को हटाने के इस बड़े कदम से, नए लीडरशिप की तुरंत नियुक्ति न होने पर इन संस्थाओं के कामकाज की चिंता बढ़ गई है।

यह ऑर्डिनेंस प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की लीडरशिप वाली कैबिनेट की सिफारिश पर जारी किया गया था। यह कदम 5 मार्च को हुए चुनावों के बाद आया है, जिसमें राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) निचले सदन यानी प्रतिनिधिमंडल में लगभग दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आई थी। जब से इसके सीनियर लीडर, शाह को 26 मार्च को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है, नई सरकार ने एक के बाद एक अहम कदम उठाए हैं, जिससे कई लोग यह सोचने पर मजबूर हो गए हैं कि सरकार कितने बड़े बदलाव कर सकती है। प्रेसिडेंट पौडेल ने पहले सरकार की सिफारिश पर 30 अप्रैल को बुलाए गए पार्लियामेंट्री सेशन को सस्पेंड कर दिया था, जिससे ऑर्डिनेंस जारी करने का रास्ता साफ हो गया।

नई सरकार के कुछ काम विवादित रहे हैं, खासकर काठमांडू की नदियों के किनारे से अवैध कब्जा करके बैठे लोगों को जबरदस्ती हटाना, जिसमें उन्होंने झोपड़ियां और इमारतें बनाई थीं; उन्हें तोड़ दिया गया। सरकार के समर्थकों का कहना है कि नदियों के किनारे कब्जा किए हुए कई फर्जी लोगों को हटाना जरूरी था। सरकार ने असल भूस्वामियों को बसाने का वादा किया था।

कई असरदार और विवादित व्यवसायियों को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में जांच के लिए गिरफ्तार किया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में बदलाव के लिए एक और ऑर्डिनेंस भी जारी किया गया है, जिसका मकसद सत्ता में बैठे लोगों पर पहले से ज्यादा आसानी से केस चलाना है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउबा और पुष्प कमल दहल भी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच का सामना कर रहे हैं।

# नीट यूजी एग्जाम में महिला अभ्यर्थियों के दुपट्टे उतरवाए चश्मे की भी मेटल-डिटेक्टर से जांच,फोटोकॉपी लेकर गए कैंडिडेट को नहीं दी एंट्री; ओरिजनल आधार मंगवाया

**जयपुर।** मेडिकल एंट्रेस एग्जाम नीट यूजी 2026 को लेकर सुरक्षा के कड़े इतजाम किए गए हैं। दुपट्टा ओढ़कर आने वाले महिला अभ्यर्थियों को एंट्री नहीं दी गई। स्टूडेंट्स के हाथों में बंधे कलावा तक कटवा दिए गए। जूते भी सेंटर के बाहर ही उतरवा दिए गए। अभ्यर्थियों को 3 लेयर जांच के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। गर्मी को देखते हुए अभ्यर्थियों के लिए खास इंतजाम भी किए गए। ऐसे में एक अभ्यर्थी बिना आधार कार्ड के सेंटर पर पहुंच गया। जिसे स्टाफ ने जानकारी का बाद एक बार बाहर निकाल दिया। प्रदेश में सबसे ज्यादा 106 परीक्षा केंद्र राजधानी जयपुर में बनाए गए हैं। सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल सेंटर पर पेपर में नकल को रोकने के लिए अभ्यर्थियों के पेन भी बाहर ही रखवा दिए गए। चश्मा पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों के चश्में की भी मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। जयपुर के सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल में स्टूडेंट्स



के हाथ में बंधे कलावा को सुरक्षाकर्मियों ने काटा। इसके बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया।

### पेरेंट्स बोले- बच्चों के साथ हमने भी संघर्ष किया है

अभ्यर्थियों को परीक्षा दिलवाने के लिए बच्चों के साथ बड़ी संख्या में पेरेंट्स भी परीक्षा सेंटर पहुंचे। जयुपर के शाहपुरा पिपलोद की रहने वाली कृपा देवी शर्मा अपने बेटे मनीष कुमार शर्मा को नीट दिलवाने जयपुर के गंगापोल स्थित सेंटर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि बेटे के साथ हमने भी इस परीक्षा के लिए संघर्ष किया है। मेरे पति पूजा पाठ कराते हैं।

# दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 की मौत

### इनमें डेढ़ साल का बच्चा शामिल; 15 लोग बचाए गए, एसी में ब्लास्ट की आशंका

नई दिल्ली।

दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है।

दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। 4 घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग के अंदर फंसे 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों के शव बिल्डिंग के अलग-अलग फ्लोर से बरामद किए गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि कुछ शव इतने बुरे तरह जल चुके हैं कि सिर्फ कंकाल बचा है। डीएनए टेस्ट के बाद ही मृतकों का पता चल पाएगा। शुरुआती जांच में एसी में धमाके के बाद आग फैलने की बात सामने आ रही है। फिलहाल अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। इधर, मृतकों के परिजनों को





प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए की मदद मिलेगी।

## पुलिस अधिकारी ने लिखी पुस्तक सुरक्षा सखी,महिलाओं को बनाएंगी सक्षम

### 15 साल के अनुभव पर ट्रिपल तलाक, डायन प्रथा, लिव इन रिलेशनशिप, घरेलू हिंसा पर कहानी

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस सेवा की अधिकारी एवं आरएसी थर्ड बटालियन, बीकानेर में कमांडेंट सीमा हिंगोनिया की पुस्तक सुरक्षा सखी का विमोचन झालाना ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, जयपुर में हुआ। पुस्तक सुरक्षा सखी में महिलाओं के आधुनिक दौर के मुद्दों को कहानियों के जरिए उठाया गया है और उनके व्यावहारिक समाधान भी विस्तार से बताए गए हैं। कार्यक्रम में जयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने हिस्सा लिया और महिला-संबंधी मुद्दों पर अपने अनुभव व विचार साझा किए।

सुरक्षा सखी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लिखी गई एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका है। पुस्तक में कहानियों, कानूनों, संवाद, प्रश्नोत्तरी और केस-स्टडी के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं और उनके कानूनी समाधान को सरल भाषा में समझाया गया है।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किए खाटूश्यामजी के दर्शन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी खाटूश्यामजी पहुँची, जहाँ उन्होंने बाबा श्याम के दरबार में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बाबा श्याम की चौखट पर शीश नवाकर देश एवं प्रदेश में सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। मंदिर परिसर में सेवक परिवार के प्रताप सिंह चौहान एवं नरेंद्र सिंह चौहान ने उपमुख्यमंत्री का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री ने खाटूश्यामजी में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 52 बीघा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, कथा पांडाल सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि विकास कार्यों की समीक्षा की गई है तथा जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी प्राप्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि खाटूधाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर खंडेला विधायक सुभाष मील, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, गजानंद कुमावत, जितेन्द्र सिंह कारंगा, ममता मुडोतिया, राजेश चेजारा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच लेंस प्रत्यारोपण शिविर 6 को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा रामप्रताप एवं अंजना देवी कयाल हेल्प ट्रस्ट की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 6 मई 2026 को श्रीमाधोपुर के डॉ एम एस हॉस्पिटल के पास स्थित चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 80 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रैफर किया जाएगा जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। बताया गया है कि चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी। कयाल के अनुसार इससे पहले आयोजित 79 शिविरों में 7310 पंजीकरण, जिनमें से 2449 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। शिविर में आने वाले मरीजों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आधार कार्ड की 2 फोटो कापी साथ लेकर आये। क्लब की ओर से इस तरह का शिविर प्रत्येक माह के पहले बुधवार को लगाया जाता है।

## नीट परीक्षा में आए अभ्यर्थियों एवं परिजनों के लिए सराहनीय पहल

निसं



**लोसल ( नवयत्न )।** देश भर में नीट परीक्षा का एक्जाम के दौरान लोसल कस्बे में परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए लोसल में सराहनीय पहल देखने को मिली है। अच्छी खासी गर्मी में इधर उधर नहीं टहले और गर्मी में कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए अभ्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए छाया में बैठने एवं जलपान की व्यवस्था की गई। खास बात यह है कि इस सराहनीय व्यवस्था में लोगों ने बाहर से आने वाले अभ्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए श्री सेवा समिति भवन, सत्यनारायण भगवान का मंदिर और बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास सैन कालोनी में व्यवस्था की गई। डेडराज खेतान उच्च माध्यमिक विद्यालय में एवं बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में नीट परीक्षा का सेन्टर था। आने वाले लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी नहीं हो इसके लिए यह सराहनीय पहल की गई। इस तरह की व्यवस्था देखकर अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों ने काफी प्रशंसा करते हुए सराहनीय कदम बढ़ाया। नगरपालिका में प्रतिपक्ष नेता बी आर हरिपुरा ने बताया कि आज सुबह से ही यह व्यवस्था जुटाने में लोग जुट गए थे। इधर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास ही सैनी कालोनी में भव्य व्यवस्था की गई।

## 19 मई को मनाया जाएगा एब्डॉमिनल कैंसर डे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण पेट से जुड़े कैंसर एब्डॉमिनल कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी चिंता का विषय बनती जा रही है। इसी को देखते हुए डॉ. संदीप जैन के नेतृत्व में एब्डॉमिनल कैंसर ट्रस्ट द्वारा, फोर्टिस हॉस्पिटल और आईआईईएमआर के सहयोग से 19 मई को एब्डॉमिनल कैंसर डे मनाया जाएगा। डॉ. संदीप जैन ने बताया कि इस वर्ष की थीम फाइट कैंसर विद अवेयरनेस रखी गई है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है। फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉ. मनीष अग्रवाल ने कहा कि समय पर जांच और जागरूकता से कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत कोलन, लिवर, पैंक्रियाटिक, गैस्ट्रिक, गॉल ब्लैडर, एपेंडिक्स और इसोफेजियल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत 17 मई को देश के 10 शहरों में वॉकथॉन और 19 मई को साइंटिफिक प्रोग्राम आयोजित होंगे, जिनमें विशेषज्ञ डॉक्टर शुरुआती लक्षण, जांच और आधुनिक उपचार पर जानकारी देंगे।

# बिजली विभाग की लापरवाही पर भड़के ग्रामीण

## हरे पेड़ काटने पर किया विरोध प्रदर्शन

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** बिजली विभाग की ओर से मेंटेनेंस के नाम पर हरे-भरे पेड़ों को नीचे से ही काटे जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। रविवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग व पेड़ काटने वाले ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की। रमेश पांडे के नेतृत्व में डायरेक्टर बंगले के सामने स्थित इंदिरा गांधी पार्क के पास ग्रामीण एकत्रित होकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली तारों के संपर्क में आ रही टहनियों को हटाने के बजाय पूरे पेड़ों को ही नीचे से काट दिया गया, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा है। रमेश पांडे ने कहा कि एक ओर सरकार हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर विभागीय लापरवाही से वर्षों पुराने हरे पेड़ों को नष्ट किया जा रहा है। अगर टहनियां काटनी थी तो नियमानुसार सिर्फ वही काटी जानी चाहिए थी लेकिन समय बचाने के लिए पूरे पेड़ ही खत्म कर दिए गए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई स्थानों पर छोटे व जंगली पेड़, जो वास्तव में तारों को छू रहे हैं, उन्हें नहीं हटाया गया जबकि बड़े और विकसित पेड़ों को निशाना बनाया गया। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि हरे पेड़ केवल छाया ही नहीं देते, बल्कि क्षेत्र के तापमान को नियंत्रित करने, हवा को शुद्ध रखने और जैव विविधता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। बिना अनुमति और बिना सूचना के इस तरह पेड़ों की कटाई करना पर्यावरण संरक्षण के नियमों का उल्लंघन है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। गौरतलब है कि शनिवार को बिजली विभाग ने मेंटेनेंस के नाम पर करीब तीन घंटे बिजली सप्लाई बंद रखी थी।

इस दौरान तारों के नीचे आ रही डालियों को काटने के निर्देश दिए गए थे लेकिन कर्मचारियों ने नियमों की अनदेखी करते हुए कई पेड़ों को जमीन के पास से ही काट दिया।

विमल शर्मा, राजेश नारवाल, नवीन अग्रवाल, श्रवण सैन, जितेंद्र सोनी, विजय सिराधना, निक्कू, कुलदीप, प्रेम मीणा, राकेश, खालिद, यश शर्मा, विवेक, राजन बॉयल, सोनू गुर्जर आदि ने विरोध प्रदर्शन कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही बिजली विभाग व ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

## नर नारायण दीन दयालु सेवा के तहत 450 निर्धन परिवारों को राशन वितरित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सेवा धर्म ही अध्यात्म का प्रतिफल है। परमार्थ पथ पर अग्रसर होने वाले को सेवा धर्म अपनाना होता है । नर सेवा ही नारायण की की सेवा है। दिन दु:खी दयालु सब में परमात्म का अंश है, इनकी सेवा परम सुख का आधार है। सेवा के इस संकल्प को सार्थक करते हुए रविवार को श्री अमरापुर स्थान में लगभग 450 निर्धन असहाय परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई। श्री अमरापुर स्थान प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली के तत्वावधान में प्रतिमाह के प्रथम रविवार को 450 परिवारों को राशन किट वितरित किया जाता है । राशन के अंतर्गत नित्य उपयोग में आने वाली सभी सामग्री होती है। इस किट में आटा, चावल, चीनी, चाय पत्ती, दालें, मसाले, तेल, साबुन, सब्जी आदि होते है। ज्येष्ठ माह में ग्रीष्म ऋतु की अधिकता को देखते हुए राशन सामग्री के साथ-साथ मिट्टी के घड़े और स्टील के राम जारे, फल का भी वितरण किया गया, साथ ही साथ सतगुरु स्वामी हरिदास राम महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष में शर्बत और मिष्ठान का भी वितरण किया गया। संतो ने बताया कि ज्येष्ठ माह में जल एवं जल संचित की वस्तु पात्र (घड़ा, बोतल, जग) के दान का विशेष महत्व होता है । रसीले फल आम, तरबूज, खरबूजे का दान भी उत्तम माना गया है । इसी के साथ ज्येष्ठ मास की तीव्र गर्मी में श्री अमरापुर जल मंदिर प्रतिदिन चलने वाले अन्न भोजन प्रसादम में छाछ, शर्बत, लस्सी, मिल्क रोज आदि वितरण किया जा रहा है।

## भीलवाड़ा सांसद ने गुरुदेव से लिया आशीर्वाद



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने लाडनूं के जैन विश्व भारती का दौरा किया यहां उन्होंने आचार्य श्री महाश्रमण के दर्शन कर उनके पावन प्रवचनों से धर्म लाभ लेकर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यहां गुरुदेव के दर्शन कर मुझे एक विशेष अहसास का अनुभव हुआ है। आपके दर्शन करने का मुझे गौरव प्राप्त हुआ इसके लिए मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूं। धर्म के बारे में आपका मार्गदर्शन मानव जाति को प्रेरणा प्रदान करता है। सत्य एक ही है अलग अलग महापुरुष उसको अलग अलग रूप में व्यक्त करते है लेकिन गंतव्य सभी का एक ही है। उन्होंने कहा कि मानवजाति का कल्याण ही सभी धर्मों का सार है। उन्होंने वर्ष 2021 में भीलवाड़ा में गुरुदेव के चातुर्मास कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि वे पल मेरे लिए अविस्मरणीय है उनको याद कर के भीलवाड़ा की जनता रोमांचित हो जाती है। इस अवसर पर जैविभा अध्यक्ष अमरचंद लुंकड़, मंत्री सलील लोढ़ा, प्रवास व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद, महामंत्री निर्मल कोटेचा, राजेंद्र खटेड़ सहित धर्म प्रेमी लोग उपस्थित रहे।

## फेलोशिप गोल्फ टूर्नामेंट आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन की ओर से एक फेलोशिप गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता स्टेबलफोर्ड फॉर्मेट में खेली गई, जिसका उद्देश्य रोटेरियंस के बीच मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा और सौहार्द को बढ़ावा देना था। टूर्नामेंट में शानदार खेल भावना और स्पोर्ट्समैनशिप देखने को मिली। रोटे. अतुल पोद्दार, असिस्टेंट गवर्नर और रोटे. डॉ देवेंद्र को टूर्नामेंट का विजेता घोषित किया गया। रोटे. डॉ बी. एम. रतूड़ी ने प्रथम रनर-अप का स्थान प्राप्त किया जबकि रोटे. नरेश रावतानी द्वितीय रनर-अप रहे। पुरस्कार वितरण सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोटे. जे के रांका के कर कमलों द्वारा किया गया, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। सदस्यों ने रोटरी परिवार के लिए उनके प्रेरणादायक शब्दों की सराहना की। यह आयोजन सेवा से परे रोटरी की मित्रता और फेलोशिप की भावना का सच्चा प्रतीक रहा। सदस्यों ने ग्रीन पर उत्साह और आपसी मेलजोल के साथ इस आउटिंग का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के संयोजक रोटे. अतुल पोद्दार ने कहा कि यह टूर्नामेंट सिर्फ गोल्फ के बारे में नहीं था बल्कि हमारे रोटरी परिवार के बीच बंधनों को मजबूत करने के बारे में था। सदस्यों की प्रतिक्रिया जबरदस्त रही है। हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अब यह रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन का नियमित आयोजन बनेगा। हमारे सदस्य मित्रता, फेलोशिप और खेल के प्रति साझा प्रेम को बढ़ाने के लिए गोल्फ कोर्स पर मिलते रहेंगे।

## शराब की दुकान से तीन लाख की चोरी

**जयपुर (नवयत्न)।** रामगंज थाना इलाके में नकाबपोश बदमाशों ने शराब की दुकान का शटर तोड़ उसमें से रखे तीन लाख रुपए चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गए। शनिवार सुबह दुकान का ताला टूटा देख पीड़ित को मामले की जानकारी चली। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने वहीं लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नकाबपोश बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि सेल्समैन उमाकांत की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में नकाबपोश बदमाशों की करतूत कैद मिली। तड़के करीब सवा 3 बजे दिल्ली रोड स्थित खटीक मंडी के पास स्थित शराब की दुकान पर बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे।

## पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। इसी क्रम में पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे पद्म पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवारों के प्रस्ताव अभिशंसा सहित जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित करें। साथ ही संभावित उम्मीदवारों को समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भी निर्देशित किया जाए।

## बार काउंसिल चुनाव पर कलेक्ट्री और हाईकोर्ट के आसपास रहेगा ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान बार काउंसिल के स्थगित हुए चुनाव अब सोमवार को आयोजित किए जाएंगे। जयपुर के तीनों न्यायक्षेत्रों (जयपुर महानगर प्रथम, द्वितीय और जयपुर जिला) में होने वाले मतदान के कारण शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात का भारी दबाव रहने की संभावना है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी जारी कर वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर यातायात योगेश गोयल के अनुसार राजस्थान बार काउंसिल चुनाव के चलते उच्च न्यायालय के सामने स्थित जनपथ पर वाहनों का अत्यधिक दबाव रहेगा। इसके अलावा तिलक मार्ग, वानिकी पथ, सहदेव मार्ग, अम्बेडकर सर्किल और स्टैच्यू सर्किल पर भी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन सकती है। वहीं कलेक्ट्री के आसपास खासाकोठी, कबीर मार्ग और कलेक्ट्री सर्किल पर सामान्य से अधिक यातायात रहने की संभावना है। इसके साथ ही भीड़भाड़ और जाम से बचने के लिए सिंधी कैंप से आने-जाने वाली बसों के मार्ग में बदलाव किया गया है। इसके चलते सिंधी कैंप से सीकर रोड जाने वाली बसें अब मयंक तिराहा, पारीक कॉलेज मोड़ और झोटवाड़ा रोड से होते हुए पानीपेच तिराहा के रास्ते निकलेगी। वहीं सीकर रोड से आने वाली बसें पानीपेच तिराहा से झोटवाड़ा रोड और संजय सर्किल होकर सिंधी कैंप पहुंच सकेंगी। यातायात पुलिस की अपील है कि असुविधा से बचने के लिए आमजन इन प्रभावित मार्गों के बजाय समानांतर मार्गों का प्रयोग करें।

## एरिया डोमिनेशन अभियान, बिना सत्यापन रह रहे 26 संदिग्ध किराएदार गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत रविवार को पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जहां पुलिस ने थाना इलाके में स्थित उदय ग्रीन रेजीडेंसी में अवैध रूप से बिना किरायानामा और बिना पुलिस सत्यापन के रह रहे 26 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में से दो का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज वर्मा के निर्देशानुसार सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर आदित्य काकडे के सुपरविजन में थानाधिकारी मदन लाल कड़वासरा के नेतृत्व में तीन विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने नरोत्तमपुरा स्थित उदय ग्रीन रेजीडेंसी में सोसाइटी स्टाफ की मदद से सघन जांच अभियान चलाया। जहां टीम को जांच के दौरान सामने आया कि कई फ्लैट्स में मकान मालिक ने किसी और को किराए पर दे रखा था। जबकि वहां रह कोई और रहा था। नियमानुसार किराएदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य है लेकिन यहां बिना किसी दस्तावेज और सत्यापन के संदिग्ध लोग निवास कर रहे थे। पुलिस ने इन सभी 26 व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत आशुतोष सैन, भव्य काठी वाला, रोहित, रोहन, ओमप्रकाश प्रजापत, तरुण हासिवाल, संदीप चौधरी, निखिल गोस्वामी, हर्षित जांगिड़, गोलू कुमावत, अभिषेक निर्मल, मुबारक अली, गौरव मेहरडा, अभिजित सिंह शेखावत, दीपक, आदित्य प्रजापत, कर्ण सिंह, मुकेश मलिक, शिवराज सिंह, जगदीश कुमार, महेंद्र शर्मा, राहुल रुण्डला और रोहित जांगिड़ को गिरफ्तार किया गया। ये सभी राजस्थान के विभिन्न जिलों सहित हरियाणा के भी निवासी है। इसके अलावा पकड़े गए संदिग्धों की जब कुंडली खंगाली गई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जिसमें झुंझुनू निवासी सचिन के खिलाफ जयपुर के सांगानेर थाने में संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज है और जयपुर निवासी संस्कार के खिलाफ झालावाड़ के सदर थाने में मारपीट और अन्य धाराओं में केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने अपील की है कि मकान मालिक अपने किराएदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं। बिना सत्यापन किराएदार रखना कानूनी रूप से भारी पड़ सकता है।

## जिला कलेक्टर ने नीट यूजी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** नीट यूजी परीक्षा-2026 को लेकर जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने रविवार को सीकर शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा अभ्यर्थियों की सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने पीएमश्री राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री कल्याण महाविद्यालय एवं श्री कल्याण आचार्य संस्कृत महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर लाइट व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों का संचालन, विद्युत बैकअप (जनरेटर/इन्वर्टर) तथा बाधा मुक्त पहुंच आदि का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित स्टाफ से परिचय लिया और परीक्षा संबंधी तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने सभी केंद्रों के प्रभारी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को सुगम, नकलमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोई भी कमी न रहने पाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन रतन कुमार स्वामी, सीकर एसडीएम निखिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आज से

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के युवाओं, उद्यमियों, बेरोजगारों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 4 मई से औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आयोजित किए जाएंगे। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि 4 मई को रतनगढ़ पंचायत समिति, 5 मई को बीदासर पंचायत समिति, 6 मई को सुजानगढ़ पंचायत समिति, 7 मई को सरदारशहर पंचायत समिति तथा 8 मई को राजगढ़ पंचायत समिति के मीटिंग हॉल में सवेरे 11 बजे से औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार प्रोत्साहन योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, राजस्थान ओडीओपी पॉलिसी-2024, राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024, राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी आदि विभागीय योजनाओं एवं रीको विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190